दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:53 बजे
सूर्यास्त शाम 6:19 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-172 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • वीरवार 26 फरवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


## न्यूज़ ब्रीफ

### बागेश्वर बाबा ने चादर चढ़ाने पर जताई आपत्ति

**जयपुर** | बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पुष्कर में आयोजित हनुमंत कथा के दौरान कहा कि अजमेर में हिंदुओं के चादर चढ़ाने से उन्हें आपत्ति है। उन्होंने इच्छा जताई कि अजमेर जिले के पुष्कर में एक भव्य मठ बनाया जाए, ताकि हिंदू वहां आकर जुड़ें। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति सनातनी है और सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर के विकास के लिए बड़े कार्यों की घोषणा की। बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर संतों के राजनीतिक उपयोग का आरोप लगाया।

### युवती से सात लोगों ने गैंगरेप किया

**गुवाहाटी** | कछार जिले के सिलचर शहर के पास 28 वर्षीय युवती से उसके मित्र के सामने सात लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शिकायत 19 फरवरी को दर्ज की गई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पांच की तलाश जारी है। पीड़िता ने बताया कि वारदात के बाद एक आरोपी ने जबरन उसके खाते में 10 हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। घटना बाईपास रोड पर हुई, जहां एसयूवी सवार आरोपियों ने हमला किया। मामले के सामने आने के बाद एक पत्रकार पर भी आरोपी पक्ष के लोगों ने हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

### वरमाला के दौरान दुल्हन को प्रेमी ने मारी गोली

**बक्सर** | मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान दुल्हन को उसके कथित प्रेमी ने गोली मार दी। घटना नगर चौसा पंचायत के मल्लाह टोला की है। वरमाला के समय नकाब पहने युवक स्टेज पर पहुंचा और सामने से फायर कर दिया। गोली दुल्हन आरती के पेट में लगी। उसे पहले सदर अस्पताल ले जाया गया, फिर गंभीर हालत में वाराणसी रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि आरोपी दीनबंधु पड़ोसी है और एकतरफा प्रेम करता था। घटना के बाद बारात लौट गई। पुलिस फरार युवक की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

## 9 साल बाद इज़राइल पहुंचे पीएम मोदी

### रक्षा सौदों, ड्रोन डील और आयरन डोम तकनीक पर चर्चा की संभावना

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय इजराइल दौरे पर तेल अवीव पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने स्वयं उनकी अगवानी की। राष्ट्रगान के साथ प्रधानमंत्री को औपचारिक सम्मान प्रदान किया गया। नौ वर्षों के अंतराल के बाद यह उनका इजराइल दौरा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में यहां आए थे।

तेल अवीव में दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच निजी मुलाकात भी हुई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को और सशक्त बनाने, रक्षा सहयोग बढ़ाने तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी इजराइल की संसद केनेसेट को संबोधित करेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रमुख प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे के दौरान भारत और इजराइल के बीच रक्षा क्षेत्र में बड़े समझौतों की संभावना जताई



जा रही है। रिपोर्टों के अनुसार ड्रोन, एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम और प्रिसीजन गाइडेड हथियारों को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत हो सकती है। इज़राइल का उन्नत ड्रोन 'हेरोन एमके-2' भारत की प्राथमिकता सूची में बताया जा रहा है। यह मध्यम ऊंचाई पर लंबी दूरी तक उड़ान भरने में सक्षम है और लगभग 45 घंटे तक लगातार संचालन कर सकता है। यह करीब 470 किलोग्राम तक भार वहन कर सकता है तथा 35 हजार फीट की ऊंचाई तक संचालित किया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2026 तक दोनों देशों के बीच 8.6 अरब डॉलर के रक्षा समझौते संभावित हैं। इनमें उन्नत ड्रोन, मिसाइल प्रणाली और अन्य अत्याधुनिक रक्षा उपकरण शामिल हो सकते हैं। साथ ही संयुक्त निर्माण और तकनीकी साझेदारी पर भी जोर दिया जा सकता है, जिससे 'मेक इन इंडिया' पहल को बल मिलेगा। इजराइल का प्रमुख वायु रक्षा तंत्र आयरन डोम भी चर्चा के केंद्र में है। इजराइली अधिकारियों ने संकेत दिया है कि इस उन्नत तकनीक को भारत के साथ साझा करने पर विचार किया जा सकता है। यह प्रणाली कम दूरी की रॉकेट और मिसाइल हमलों को हवा में ही निष्क्रिय करने की क्षमता रखती है और इज़राइल की सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को इज़राइल के प्रमुख अखबार जेरूसलम पोस्ट ने विशेष महत्व दिया है। अखबार ने अपने प्रथम पृष्ठ पर प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ हिंदी में नमस्ते प्रकाशित किया, जबकि साथ में हिब्रू भाषा में 'शालोम' भी लिखा गया, जिसका अर्थ अभिवादन के साथ-साथ शांति भी होता है।

### केनेसट में पीएम के भाषण पर विवाद

*हालांकि प्रधानमंत्री का केनेसट में प्रस्तावित भाषण इज़राइल की घरेलू राजनीति में विवाद का विषय बन गया है। इज़राइली विपक्ष ने विशेष सत्र के बहिष्कार के संकेत दिए हैं। यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आइजैक अमीत को आमंत्रित न किए जाने को लेकर उत्पन्न हुआ है। परंपरा के अनुसार ऐसे औपचारिक सत्रों में न्यायपालिका के प्रमुख को आमंत्रित किया जाता है। विपक्षी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री यायर लैपिड ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी यरूशलम स्थित ऐतिहासिक होलोकॉस्ट स्मारक यायर लैपिड जाएंगे, जहां वे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मारे गए लाखों यहूदियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात वे इज़राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे।*

## पंजाब में चुनाव से पहले होगी स्थायी डीजीपी की नियुक्ति!

**एजेंसी | चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में स्थायी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति का रास्ता साफ होता दिख रहा है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने स्थायी डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल मांगा है। वर्तमान में गौरव यादव कार्यकारी डीजीपी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 18 फरवरी को भेजे गए पत्र में 5 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया गया है। इसके बाद पंजाब गृह विभाग ने डीजीपी कार्यालय से पात्र अधिकारियों के नाम मांगे हैं।

यूपीएससी के इस कदम से संकेत मिलते हैं कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति कर दी जाएगी। हालांकि, पंजाब सरकार या पंजाब पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकारी डीजीपी नियुक्त करने की प्रथा पर चिंता जताई थी और इसे अनुचित बताया था। कोर्ट ने यूपीएससी को निर्देश दिया था कि वह अपने स्तर पर राज्य सरकारों से नाम मांगे।



प्रक्रिया के तहत पंजाब सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों वाला पैनल तीन नामों की सूची तैयार करेगा। इनमें से एक नाम पर सरकार अंतिम निर्णय लेकर स्थायी डीजीपी नियुक्त करेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंजाब में इस समय डीजीपी रैंक के 17 अधिकारी कार्यरत हैं। इनमें संजीव कालड़ा सबसे वरिष्ठ हैं, लेकिन 28 फरवरी को उनकी सेवानिवृत्ति प्रस्तावित है, जिससे वे छह माह के न्यूनतम कार्यकाल की शर्त पूरी नहीं कर पाएंगे।

स्थायी डीजीपी के संभावित पैनल में शरद सत्य चौहान, हरप्रीत सिद्धू और कुलदीप सिंह के नाम भी चर्चा में हैं। पंजाब कैडर के रॉ प्रमुख पराग जैन का नाम भी शामिल बताया जा रहा है, हालांकि उनकी वापसी की संभावना कम मानी जा रही है। मौजूदा कार्यकारी डीजीपी गौरव यादव का नाम भी पैनल में शामिल होगा।

## चेन्नई-सिंगापुर उड़ान में यात्रियों को 5 घंटे करना पड़ा इंतजार

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

चेन्नई से सिंगापुर जा रही इंडिगो की उड़ान में 200 से अधिक यात्रियों को लगभग पांच घंटे तक विमान में इंतजार करना पड़ा। फ्लाइट संख्या 6ई1025 सुबह 7:30 बजे रवाना होने वाली थी, जबकि यात्रियों को 6:30 बजे से बोर्डिंग की अनुमति दे दी गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से उड़ान समय पर नहीं उड़ सकी। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक यात्री एयरलाइन स्टाफ पर नाराजगी जताते हुए



दिखाई दिया। यात्री ने आरोप लगाया कि एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद होने से घुटन हो रही थी और उन्हें सुरक्षा कर्मियों द्वारा धमकाया गया। एयरलाइन ने बयान जारी कर कहा कि पायलट ने केबिन का तापमान सामान्य से अधिक पाया था। साथ ही क्रू के ड्यूटी घंटे निर्धारित सीमा पार कर गए थे, जिसके कारण नए क्रू की व्यवस्था करनी पड़ी।

## पुंछ में आतंकियों की साजिश नाकाम

**जम्मू-कश्मीर** | जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने बुधवार को जॉइंट ऑपरेशन चलाकर आतंकियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया। भारतीय सेना की रोमियो फोर्स और SOG ने गनी गांव में एक गुफा से आतंकियों के हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बल लगातार एक्शन में हैं। बीते 20 दिनों में जम्मू क्षेत्र के अलग-अलग ऑपरेशनों त्राशी-I और KIYA में 6 आतंकियों को मार गिराया जा चुका है। किश्तवाड़ से लेकर सुंदरबनी सेक्टर तक सेना पूरी तरह अलर्ट पर है।

## ओडिशा माइनिंग अफसर के घर से 4.27 करोड़ नकद मिले

- **नोट गिनने की मशीनें लानी पड़ीं, 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था**

**समर न्यूज़ | कटक**

ओडिशा विजिलेंस ने बुधवार को कटक सर्किल के डिप्टी डायरेक्टर (माइंस) देबब्रत मोहंती को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शिकायत के आधार पर की गई इस ट्रैप कार्रवाई के बाद विजिलेंस टीमों ने मोहंती और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापेमारी की, जहां से कुल 4.27 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए।

जांच के दौरान भुवनेश्वर के



पाटिया स्थित फ्लैट से सूटकेस, ट्रॉली बैग और अलमारियों में भरे नोटों के ढेर मिले। इसके अलावा उनके कार्यालय से 1.20 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए। नोटों की गिनती के लिए करेंसी काउंटिंग मशीनें मंगाई गईं। विजिलेंस के भुवनेश्वर डिवीजन के एसपी सरोज कुमार समल ने बताया कि अब तक 4.27 करोड़ रुपये की गिनती पूरी हो चुकी है। छापेमारी में 130 ग्राम सोना और 2400 वर्गफीट का एक प्लॉट भी मिला, जिस पर दो मंजिला इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है। मोहंती के नाम भुवनेश्वर में एक दो मंजिला मकान, 10 बैंक खाते और लॉकर भी पाए गए हैं, जिनकी जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यह ओडिशा विजिलेंस के इतिहास की सबसे बड़ी नगद बरामदगी है। इससे पहले 7 अप्रैल 2022 को गंजाम जिले में लघु सिंचाई विभाग के एक सहायक अभियंता के घर से 3.4 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे। एसपी समल ने यह भी बताया कि मोहंती के खिलाफ वर्ष 2009 में भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हुआ था, जिसकी सुनवाई मयूरभंज जिला न्यायालय में लंबित है। मोहंती ने वर्ष 2004 में 8 हजार रुपये मासिक वेतन पर जूनियर माइनिंग ऑफिसर के रूप में सरकारी सेवा की शुरुआत की थी। वह बोलांगीर, बारीपदा और बरहामपुर में पदस्थ रह चुके थे और वर्तमान में कटक में तैनात थे। इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कार्रवाई राज्य में तथाकथित डबल इंजन सरकार के दौरान पनप रहे बड़े भ्रष्टाचार को उजागर करती है।

## सुप्रीम कोर्ट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अंतरिम राहत, एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कल सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिली। शीर्ष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज शिकायत वाद में रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा लिए गए संज्ञान को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ, जिसमें जस्टिस जॉयमंगल बागची भी शामिल थ उन्होंने प्रथम दृष्टया मामले में हस्तक्षेप करते हुए विशेष अदालत की कार्यवाही स्थगित करने का आदेश दिया। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब दाखिल



करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा संज्ञान लिए जाने और उसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट में कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया विधिसम्मत नहीं थी। बहस के बाद अदालत ने अंतरिम राहत प्रदान की, जिससे फिलहाल निचली अदालत में आगे की प्रक्रिया पर विराम लग गया है। इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा। सुप्रीम कोर्ट के इस हस्तक्षेप के बाद राजनीतिक और कानूनी हलकों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि अंतिम निर्णय अभी आना बाकी है। प्रवर्तन निदेशालय के जवाब के बाद ही मामले में आगे की सुनवाई और कानूनी दिशा स्पष्ट होगी। फिलहाल, विशेष अदालत की कार्यवाही पर रोक को मुख्यमंत्री के लिए महत्वपूर्ण कानूनी राहत माना जा रहा है।

### सिटीजन रिपोर्टर

***अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।***

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे: सीजेआई

## NCERT बुक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का जिक्र

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस की नई किताब को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। किताब में पहली बार न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक अलग सेक्शन जोड़ा गया है, जिस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वे किसी को भी न्यायपालिका जैसी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया जा सकता है। उनके अनुसार यह एक सोची-समझी कार्रवाई प्रतीत होती है। इस मुद्दे पर सांसद कपिल सिब्बल ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी 8वीं कक्षा के छात्रों को कथित तौर पर भ्रष्ट न्यायिक व्यवस्था के बारे में पढ़ा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

**क्या है पूरा मामला**

एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक जारी की है। अपडेटेड एडिशन में पहले की तुलना में बदलाव किए गए हैं। पुस्तक के एक अध्याय हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका में न्याय प्रणाली की कमजोरियों और लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई है। किताब के अनुसार, देशभर की विभिन्न अदालतों में कुल लगभग 5,33,21,000 मामले लंबित हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट में लगभग 81,000 मामले, देश के हाई कोर्ट में करीब 62 लाख 40 हजार मामले और जिला एवं अधीनस्थ अदालतों में लगभग 4 करोड़ 70 लाख मामले लंबित बताए गए हैं। अध्याय में आम लोगों की चिंताओं और अनुभवों का भी उल्लेख है।

पुस्तक में कहा गया है कि लोग न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार का अनुभव करते हैं और गरीब तथा जरूरतमंद वर्ग के लिए न्याय तक पहुंच आसान नहीं है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि भ्रष्टाचार और अनियमितताएं जनता के भरोसे को कमजोर करती हैं। भ्रष्टाचार के संदर्भ में किताब में यह भी बताया गया है कि न्यायपालिका के सदस्यों के खिलाफ शिकायतें सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से दर्ज की जा सकती हैं। पुस्तक के अनुसार वर्ष 2017 से 2021 के बीच इस प्रणाली के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं।

**शिकायतों पर सरकार का क्या कहना है?**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 13 फरवरी 2026 को लोकसभा में जानकारी दी कि पिछले दस वर्षों में मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय को मौजूदा जजों के खिलाफ 8,630 शिकायतें मिली हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से 2025 के बीच 8,360 शिकायतें दर्ज की गईं।




# 2,577 नए जवान पंजाब पुलिस में शामिल, सीएम भगवंत मान ने ली पासिंग आउट परेड

## मार्च 2022 से अब तक 12,010 से अधिक पुलिस कर्मियों की भर्तीः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

समर न्यूज़ |जालंधर





पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जालंधर के पीएपी ग्राउंड में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के दौरान 2,577 नए पुलिस जवानों को औपचारिक रूप से पंजाब पुलिस में शामिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य होने के कारण पंजाब को पाकिस्तान की ओर से ड्रोन घुसपैठ और समाज विरोधी तत्वों की गतिविधियों जैसी चुनौतियों का लगातार सामना करना पड़ता है, लेकिन पंजाब पुलिस पूरी मुस्तैदी से अंतरराष्ट्रीय सीमा और राज्य की कानून-व्यवस्था की रक्षा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पुलिस केवल राज्य की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने नव-नियुक्त जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है और उन्हें पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पेशेवराना अंदाज में अपनी ड्यूटी निभानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि मार्च 2022 से अब तक 12,010 से अधिक पुलिस कर्मियों की भर्ती की जा चुकी है, जिसमें 1,062 सब-इंस्पेक्टर, 450 हेड कांस्टेबल, 10,098 कांस्टेबल और 400 सिविलियन स्टाफ शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पुलिस बल को वैज्ञानिक आधार पर अपग्रेड करने के लिए 1,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब देश का पहला राज्य है जिसने तकनीकी विशेषज्ञता में दक्ष 182 सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती की है। इसके अलावा आईटी, फॉरेंसिक और वित्तीय विशेषज्ञों को भी पुलिस तंत्र में शामिल किया गया है, ताकि साइबर अपराध, आतंकवाद, गैंगस्टर गतिविधियों और नशा तस्करी जैसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मुख्यमंत्री ने 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि मार्च 2025 से शुरू इस मुहिम के तहत 50,238 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं और बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नशे की सप्लाई लाइन तोड़ने के लिए एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स को आधुनिक तकनीक और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया गया है।

सड़क सुरक्षा फोर्स की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 146 आधुनिक वाहनों और उपकरणों से लैस इस विशेष फोर्स ने अब तक 46,399 लोगों की जान बचाई है। उन्होंने कहा कि यह फोर्स औसतन 6 मिनट 20 सेकंड में दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर सहायता प्रदान करती है, जिससे सड़क हादसों में मृत्यु दर में 48 प्रतिशत की कमी आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस प्रशिक्षण ढांचे को भी मजबूत कर रही है। नए भर्ती जवानों ने महाराजा रणजीत सिंह पंजाब पुलिस अकैडमी पुलिस रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर जहान खेलां (होशियारपुर) और इन-सर्विस ट्रेनिंग सेंटर कपूरथला में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के प्रशिक्षण केंद्र देशभर में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर डीजीपी गौरव यादव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और नव-नियुक्त जवानों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया, मार्चिंग टुकड़ियों की सलामी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाहरी ताकतें पंजाब के युवाओं को गुमराह करने और राज्य का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन पंजाब पुलिस ऐसी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि राज्य की शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पुलिस बल को आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैज्ञानिक तरीकों से सुसज्जित किया जा रहा है। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त जवानों से लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने और न्याय सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब पुलिस अपनी वीरता और बलिदान की परंपरा को कायम रखते हुए राज्य और देश की सेवा में हमेशा अग्रणी रहेगी।

## कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस अब जम्मू तवी तक बढ़ाई



समर न्यूज़ | दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने ट्रेन नंबर 26401/26402 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को जम्मू तवी तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी। यह फैसला 23 फरवरी 2026 को आया। नॉर्दर्न रेलवे ने 1 मार्च 2026 से नया शेड्यूल लागू करने की घोषणा की। ट्रेन नंबर 26401 जम्मू तवी से सुबह 6:15 बजे रवाना होकर दोपहर 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। वापसी में 26402 श्रीनगर से दोपहर 2 बजे चलेगी और शाम 6:50 बजे जम्मू तवी पहुंचेगी। यात्रा का समय 4 घंटे 55 मिनट हो जाएगा। पहले यह ट्रेन सिर्फ कटरा-श्रीनगर के बीच चलती थी। जम्मू स्टेशन के यार्ड रीमॉडलिंग और सुरक्षा कार्य पूरे होने के बाद एक्सटेंशन संभव हुआ। 8 कोच वाली ट्रेन को 20 कोच में अपग्रेड किया गया है।

# फर्जी भर्ती और बिलों से 100 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी

## सीबीआई की रेड, निजी अस्पतालों और एजेंसियों की मिलीभगत उजागर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



ट्राइसिटी में ईसीएचएस घोटालाः चंडीगढ़ में पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का खुलासा हुआ है। इस मामले में ट्राइसिटी (चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला) के कई निजी अस्पतालों की भूमिका सामने आई है। आरोप है कि मरीजों को फर्जी तरीके से अस्पताल में भर्ती दिखाकर भारी-भरकम क्लेम वसूले गए।

जांच के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चंडीगढ़ के सेक्टर-15 स्थित एक निजी अस्पताल सहित कई अस्पतालों और सेक्टर-38 में एक धार्मिक स्थल पर चल रहे मेडिकल सेंटर पर छापेमारी की। देर रात तक रिकॉर्ड खंगाले गए और दस्तावेज जब्त किए गए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा था। मरीजों को बिना जरूरत अस्पताल में भर्ती दिखाया जाता था। कई मामलों में मरीज केवल ओपीडी में आए, लेकिन रिकॉर्ड में उन्हें एक से दो सप्ताह तक भर्ती दर्शाया गया। फर्जी टेस्ट रिपोर्ट, दवाइयों के बिल और यहां तक कि ऑपरेशन के दस्तावेज भी तैयार किए गए। बताया जा रहा है कि इस नेटवर्क में निजी अस्पतालों के डॉक्टर, लैब संचालक और एक निजी एजेंसी शामिल थी, जो ईसीएचएस के तहत पंजीकृत मरीज उपलब्ध कराती थी। मरीजों को महंगी दवाइयां लिखी जाती थीं, जबकि असल में दवा खरीदी ही नहीं जाती थी। केवल फर्जी बिल बनाकर क्लेम दाखिल किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि बिल की राशि 5 से 10 लाख रुपये तक दिखाई गई। दर्जनों मामलों में 2 से 5 लाख रुपये तक के फर्जी बिल बनाए गए। क्लेम पास होने के बाद अस्पताल, डॉक्टर, लैब और एजेंसी के बीच रकम का बंटवारा किया जाता था।

सीबीआई अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और इसमें शामिल एक दर्जन से अधिक डॉक्टरों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। मामले के सामने आने से पूर्व सैनिकों के इलाज से जुड़ी इस योजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## AI समिट के दौरान विरोध प्रदर्शन मामले में तीन और गिरफ्तारी

समर न्यूज़ | दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान बिना शर्ट के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए यूथ कांग्रेस के पांच सदस्यों की पुलिस हिरासत बढ़ा दी है। वहीं, इस मामले में शिमला से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपियों - कृष्णा हरि, कुंदन यादव, अजय कुमार, नरसिम्हा यादव और जितेंद्र यादव - की पुलिस हिरासत को चार दिनों के लिए बढ़ा दिया, जब उन्हें उनकी पिछली पांच दिवसीय पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर पेश किया गया था।

# सरहद पार चल रहे तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, 2.1 किलोग्राम हेरोइन, 7 पिस्तौल सहित एक काबू

समर न्यूज़ | फाजिल्का



स्टेट स्पैशल आपरेशन सैल (एसएसओसी) फाजिल्का ने एक दोषी को 2.1 किलोग्राम हेरोइन और सात आधुनिक पिस्तौल सहित गिरफ़्तार करके सरहद पार चल रहे नशीले पदार्थ और हथियार तस्करी माड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ़्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरनाम सिंह उर्फ गामा निवासी भंगे वाला ( झुग्गे किशोर सिंह वाला), फ़िरोज़पुर के तौर पर हुई है। बरामद किए गए हथियारों में एक 9 एमएम गलौक और चार .30 बोर के पिस्तौल और दो 9 एमएम पिस्तौल शामिल है। इसके इलावा 10 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए है। पुलिस टीमों ने उसका हीरो डीलक्स मोटरसाईकल, जिसका प्रयोग नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए किया जा रहा था, भी ज़ब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि हेरोइन और हथियारों की यह खेप पाकिस्तान स्थित तस्करों की तरफ से ड्रोन के द्वारा राज्य में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि इस मामले के अगले- पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए ओर जांच जारी है।

इस आप्रेशन बारे जानकारी देते, एआईजी एसएसओसी फाजिल्का नरेश कुमार डोगरा ने बताया कि आरोपी को फाजिल्का के गांव बाघे के उत्तर के पास से उस समय काबू किया, जब वह अपने मोटरसाईकिल पर जा रहा था।

उन्होंने बताया कि तलाशी दौरान उससे 2.1 किलो हेरोइन और तीन पिस्तौल बरामद किए गए। उन्होंने आगे बताया कि खुलासे दौरान गिरफ़्तार आरोपी की तरफ से बताए गए टिकाने से चार ओर पिस्तौल बरामद किए गए। इस सम्बन्धित में एफआईआर दर्ज की गई है।

# नाबालिग छात्र ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

## पढ़ाई में कमजोर होने के कारण परेशान था

समर न्यूज़ |अबोहर



फाजिल्का जिले के अबोहर में पढ़ाई में कमजोर होने से मानसिक रूप से परेशान एक नाबालिग छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बता दे कि घटना अबोहर की नई आबादी छोटी पौड़ी गली नंबर 17 में रविवार देर शाम को हुई। छात्र का शव पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतक की पहचान 14 वर्षीय अंकित पुत्र मनोहर लाल के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि परिवार के सभी सदस्य रविवार शाम को एक शादी समारोह में व्यस्त थे। इसी दौरान अंकित ने घर के एक कमरे में अपने आईकार्ड की डोरी से फांसी लगा ली। काफी देर तक अंकित के बाहर न आने पर उसकी मां कमरे में गईं, जहां उन्होंने उसे फंदे पर लटका देखा। पास ही उसकी किताब भी खुली पड़ी थी। परिजनों ने तुरंत उसे फंदे से उतारा और इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिटी टू पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अंकित नौवीं कक्षा का छात्र था और परीक्षाओं के दिनों में पढ़ाई में कमजोर होने के कारण मानसिक रूप से परेशान रहता था। इसी वजह से उसने यह कदम उठाया।

इधर ऐमरजेंसी डियूटी में तैनात इंसाफ शर्मा ने बताया कि कल जब किशोर को उसके परिजन अस्पताल में लाए तो उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी जिसकी सूचना उन्होंनें तुरंत पुलिस को दी और शव को मोर्चरी में रखवाया। इधर आज थाना नंबर दो के एएसआई विनोद कुमार ने मृतक के पिता के बयानों पर बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव को परिजनो के हवाले कर दिया है

## 6110 आंगनवाड़ी पदों के लिए भर्ती

समर न्यूज़ |चंडीगढ़



पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार 0 से 6 साल के बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए अहम कदम उठा रही है। इसी उद्देश्य से 6110 आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

कुल पदों में 1316 आंगनवाड़ी वर्कर और 4794 हेल्पर के पद शामिल हैं। योग्य उम्मीदवार 25 फरवरी से 11 मार्च 2026 रात 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल आधिकारिक पोर्टल sswcd.punjab.gov.in के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि 0 से 6 साल का बच्चा जीवन के सबसे नाजुक दौर में होता है और इस समय शिक्षा, पोषण और देखभाल उसकी मजबूत नींव तय करती है। प्रत्येक बच्चा, चाहे शहर में हो या गांव में, सुरक्षित और उत्साहपूर्ण माहौल का हकदार है। उन्होंने आगे बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों में योग्य स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने से बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, संतुलित पोषण और संवेदनशील देखभाल मिलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और बच्चों के सर्वांगीण विकास को मजबूत किया जाएगा।

# डीजीसीए ने चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटर के लिए नियम सख्त किए

## वेबसाइट पर मेंटेनेंस हिस्ट्री और विमान उम्र दिखाना अनिवार्य

समर न्यूज़ |दिल्ली



एविएशन पर नजर रखने वाली संस्था डीजीसीए ने नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर (चार्टेड प्लेन, एयर एंबुलेंस) के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। अब ऑपरेटर्स को अपनी वेबसाइट पर प्लेन की मेंटेनेंस हिस्ट्री को सार्वजनिक करना होगा। इसके साथ ही यह भी बताना होगा कि विमान कितना पुराना है।

दरअसल झारखंड में एक चार्टेड प्लेन के क्रैश होने के बाद डीजीसीए ने मंगलवार को ऐसे सभी ऑपरेटरों के साथ एक मीटिंग की। इसमें ऑपरेटर्स को उनके सेफ्टी रिकॉर्ड के आधार पर रैंक करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि यह रैंकिंग डीजीसीए की वेबसाइट पर डाली जाएगी।

डीजीसीए ने यह फैसला पिछले एक महीने में नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर से संचालित दो चार्टेड विमानों के क्रैश होने के बाद लिया है। नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर वे कंपनियां हैं जो नियमित टाइम-टेबल वाली कमर्शियल फ्लाइट नहीं चलाती, बल्कि जरूरत या बुकिंग के आधार पर उड़ान भरती हैं।

देश में पिछले 2 बड़े चार्टेड प्लेन हादसेः-झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा में क्रैश हो गया। प्लेन में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई।

रेडबर्ड कंपनी का बीचक्राफ्ट किंग एयर B90L एक एयर एंबुलेंस था। फ्लाइट ने सोमवार शाम 7:11 बजे रांची से उड़ान भरी, 7:34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन झारखंड के चतरा जिले के समरिया के जंगलों में क्रैश हो गया। प्लेन में कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह ( को-पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पैरामेडिकल स्टाफ) सवार थे।

# कौली से सराय बंजारा तक नई बायपास लाइन का निर्माण मंजूर

### फाइनल लोकेशन सर्वे को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने दी मंजूरी

समर न्यूज़ | मोहाली



रेल मंत्रालय ने कौली से सराय बंजारा तक नई बायपास लाइन के निर्माण के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को आधिकारिक रूप से मंजूरी दे दी है। यह लाइन राजपुरा रेलवे स्टेशन को बायपास करने के उद्देश्य से डिज़ाइन की गई है और रणनीतिक विकास क्षेत्र में रेलवे संचालन को तेज और कुशल बनाने में मदद करेगी।

पटियाला और लुधियाना के बीच चलने वाली ट्रेनों को अब राजपुरा स्टेशन में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे यात्रा का समय कम होगा और भीड़ भी घटेगी। नई बायपास लाइन पहले से मंजूर राजपुरा-मोहाली रेलवे लाइन से सीधे और सुगम कनेक्शन प्रदान करेगी, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। रेल मंत्रालय का कहना है कि यह परियोजना पंजाब की रेलवे बुनियादी संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई बायपास लाइन यात्री और माल ढुलाई दोनों के लिए तेज, सुचारू और भरोसेमंद सेवाओं को सुनिश्चित करेगी।

## विजिलेंस ब्यूरो ने जाली दस्तावेज़ों से नौकरी लेने वाला किया काबू

समर न्यूज़ |मानसा

विजिलेंस ब्यूरो पंजाब ने सिविल अस्पताल बरेटा ज़िला मानसा के नशा छुड़ाओ केंद्र में तैनात शंकर सिंह काऊंसलर को जाली डिग्री/ सर्टिफिकेट के आधार पर काऊंसलर की नौकरी हासिल करने के दोष में गिरफ़्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो पंजाब के वक्ता ने बताया कि शिकायत की जांच करने के बाद दोषी काऊंसलर शंकर सिंह, निवासी गांव भून्दड़ भैनी, तहसील मूनक, ज़िला संगरूर विरुद्ध कार्यवाही की गई। साल 2023 में एक निजी कंपनी इनोविज़न लिमटिड के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किए गए काऊंसलर और कंप्यूटर आपरेटरों की डिग्रीयां/ सर्टीफिकेटों की सिविल सर्जन, मानसा के दफ़्तर द्वारा तस्दीक करवाई गई और यह पाया गया कि उक्त ने जाली डिग्री/ सर्टिफिकेट के आधार पर काऊंसलर की नौकरी प्राप्त की थी।

समीक्षा

स्टोरेज स्पेस का मुद्दा राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के पास ज़ोरदार ढंग के साथ उठाया

# मंत्री समूह ने आने वाले गेहूं ख़रीद सीजन के प्रबंधों का लिया जायज़ा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



फ़सल ख़रीद सम्बन्धित तैयारियों की निगरानी के लिए गठित मंत्री समूह( जीओएम) जिसमें कृषि और किसान भलाई मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां, ख़ुराक, सिविल स्पलाई और खपतकार मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक्क, जल स्रोत मंत्री बरिन्दर कुमार गोयल और परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर शामिल है, ने आज आने वाले गेहूं खरीद सीजन 2026-27 की व्यापक समीक्षा करने के लिए मीटिंग की।

मंत्री समूह को इस मौके बताया गया कि गेहूं ख़रीद सीजन 1 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है और ख़ुराक, सिविल स्पलाई और खपतकार मामले द्वारा विभाग लगभग 132 लाख मीट्रिक टन ( एल.एम.टी.) उपज की ख़रीद की जाएगी। इसके इलावा कम-से-कम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भंडारन की जगह के मुद्दे सम्बन्धित मंत्री समूह के ध्यान में यह लाया गया कि भारतीय ख़ुराक निगम की तरफ से अगस्त 2025 से अब तक हर महीने 5 एल.एम.टी. गेहूं और 5 एलएमटी चावल की ढुलाई की जा रही है, जबकि 2026- 27 के सीजन में ख़रीदी जाने वाली गेहूं के लिए उचित स्टोरेज स्पेस को यकीनी बनाने के लिए हर महीने कम-से-कम 15 एलएमटी गेहूं के उठान की ज़रूरत है। मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने इस सम्बन्ध में समय समय पर और हाल ही में भी ज़ोरदार ढंग के साथ केंद्र सरकार के पास मुद्दा उठाया गया है। इसके इलावा आने वाले सीजन के सम्बन्धित गेहूं की सुरक्षित स्टोरेज को यकीनी बनाने के लिए विभाग पलिंथ बनाने और चावल मीलों में खाली स्थानों का प्रयोग करने पर विचार कर रहा है। इसके इलावा ज़िला प्रशासनों के साथ खरीद प्रबंधों की नियमित समीक्षा की जा रही है। डीएफएससीज़ द्वारा संकटकाली योजनाओं और परिवर्तनी प्रबंध तैयार करने के लिए एफ.सी.आई. के ज़िला मैनेजरों के साथ तालमेल किया जा रहा है। सीजन दौरान निर्विघ्न खरीद को यकीनी बनाने के लिए ज़रूरी अन्य वस्तुओं सम्बन्धित 391320 प्लास्टिक के करेट के लिए आर्डर जारी किए गए है, जिनमें से 231055 प्राप्त हो चुके है जबकि बाकी मार्च तक प्राप्त हो जाएंगे। इसके इलावा, 675000 लकडी के करेट की स्पलाई के लिए आर्डर दिए गए है और गेहूं को सुरक्षित ढंग के साथ स्टोर करने के लिए ज़रुरी एलपीईडी कवर भी उपलब्ध हैं।

आढतियों की तरफ से कमिशन की दरों 45 रुपए प्रति क्विंटल से बढा कर 64 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग सम्बन्धित मंत्री समूह के यह भी ध्यान में लाया गया कि सूबा सरकार द्वारा प्रत्येक संभव मौके पर केंद्र सरकार के पास यह मामला ज़ोर शोर के साथ उठाया जा रहा है। खरीद प्रक्रिया के साथ जुड़े प्रत्येक हिस्सेदारी की भलाई के लिए राज्य सरकार की वचनबद्धता को दोहराते हुए मंत्री समूह ने अधिकारियों को हर कदम पर पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न ख़रीद सीजन यकीनी बनाने के निर्देश दिए।

# इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व की खींचतान बढ़ी ममता और स्टालिन कर रहे जोर अजमाइश

## मणिशंकर अय्यर ने ममता को गठबंधन का स्वाभाविक नेता बताते हुए राहुल गांधी को नेतृत्व छोड़ने की सलाह दी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व को लेकर चर्चा तेज होती दिखाई दे रही है, खासकर उन राज्यों में जहां विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। उदयनिधि स्टालिन ने अपने पिता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को गठबंधन की कमान सौंपने की पैरवी की है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गठबंधन का स्वाभाविक नेता बताते हुए राहुल गांधी को नेतृत्व छोड़ने की सलाह दी।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बहस आगामी विधानसभा चुनावों से जुड़ी रणनीति का हिस्सा हो सकती है। जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां क्षेत्रीय दल अपने नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत चेहरा दिखाने की कोशिश में हैं, ताकि चुनावी लाभ मिल सके।

इंडिया ब्लॉक का गठन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा-नीत एनडीए के मुकाबले के लिए किया गया था। हालांकि हालिया चुनावों में कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के बाद गठबंधन के भीतर वैकल्पिक नेतृत्व की आवाजें तेज हो गई हैं। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने अपने मुखपत्र सामना में चेतावनी दी है कि गठबंधन इस समय अहम मोड़ पर खड़ा है और राज्यों के चुनाव से पहले आपसी बयानबाजी से बचना जरूरी है।

▪ **चुनावी गणित और अंदरूनी तनाव** - पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, जहां तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला संभावित है। कांग्रेस और तृणमूल के बीच वाम दलों के साथ तालमेल को लेकर मतभेद भी सामने आए हैं। कोलकाता में दिए बयान में अय्यर ने कहा कि ममता बनर्जी के बिना इंडिया ब्लॉक की एकजुटता कमजोर पड़ सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि नेतृत्व किसी क्षेत्रीय दल के नेता जैसे स्टालिन, ममता, अखिलेश या तेजस्वी को सौंपा जाना चाहिए।

अय्यर के इस बयान के बाद गठबंधन की एकता पर सवाल उठे हैं। हालांकि कुछ राजनीतिक जानकार इसे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने की रणनीति के रूप में भी देख रहे हैं। माना जा रहा है कि इस तरह के बयान से भाजपा को नहीं, बल्कि ममता बनर्जी को अधिक लाभ मिल सकता है।

### नेतृत्व का सवाल और भविष्य की राजनीति

विपक्षी नेताओं का तर्क है कि भाजपा के खिलाफ प्रभावी राजनीतिक मुकाबले के लिए मजबूत और सर्वस्वीकार्य नेतृत्व आवश्यक है। अय्यर का मानना है कि यह भूमिका किसी क्षेत्रीय नेता को दी जानी चाहिए। चुनावी राज्यों में जारी यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वहां के नतीजे गठबंधन की राष्ट्रीय छवि और भविष्य की रणनीति तय कर सकते हैं।

ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन अपने-अपने राज्यों में सरकारों के कामकाज को राष्ट्रीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। कांग्रेस के हालिया प्रदर्शन से बनी राजनीतिक खाली जगह को भरने के लिए क्षेत्रीय नेता आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने भी कहा है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में भाजपा को वैचारिक चुनौती दी जा रही है।

कुल मिलाकर, इंडिया ब्लॉक के भीतर नेतृत्व को लेकर उठी यह बहस आने वाले चुनावों और 2029 की संभावित राजनीतिक तस्वीर दोनों से जुड़ी मानी जा रही है।

### क्षेत्रीय नेताओं की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा

तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी जारी है। उदयनिधि स्टालिन ने कोयंबटूर में कहा कि अन्य राज्यों के नेता एम.के. स्टालिन को गठबंधन का नेतृत्व संभालने योग्य मानते हैं, क्योंकि वे राज्य से आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर दिशा देने की क्षमता रखते हैं। यह घटनाक्रम संकेत देता है कि क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में मजबूती के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भी प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यदि भविष्य में इंडिया ब्लॉक लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करता है, तो गठबंधन का प्रमुख चेहरा स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री पद का दावेदार बन सकता है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी

## फर्जी ट्रैवल एजेंट मामलों में पंजाब है नंबर वन



▪ **तीन वर्षों में 291 शिकायतें दर्ज, इंटरनेट के जरिए युवाओं को बनाया जा रहा निशाना**

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने वाले फर्जी ट्रैवल एजेंटों के मामलों में पंजाब सबसे आगे है। केंद्र सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्षों में पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से कुल 291 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें सबसे अधिक मामले पंजाब से सामने आए हैं।

विदेश मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फर्जी विदेशी नौकरी के ऑफर देकर युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह जानकारी शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में साझा की गई।

मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023 से 2025 के बीच पंजाब में कुल 154 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें 2023 में 56, 2024 में 18 और 2025 में 80 शिकायतें शामिल हैं। इसी अवधि के दौरान चंडीगढ़ में 92, हरियाणा में 39 और हिमाचल प्रदेश में 6 शिकायतें दर्ज की गईं।

मंत्रालय ने बताया कि फर्जी भर्ती अभियान अक्सर इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों के जरिए चलाए जाते हैं और विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को आकर्षित करते हैं। कई मामलों में पीड़ितों या उनके परिवारजनों की शिकायत के बाद ही ऐसे नेटवर्क का खुलासा हो पाता है।

कार्रवाई के संबंध में मंत्रालय ने जानकारी दी कि कई मामलों में राज्य पुलिस या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज की गई या एक्शन रिपोर्ट दाखिल की गई।

पंजाब में 2023 में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई, जबकि 2024 में 38 और 2025 में 69 एफआईआर दर्ज की गईं। चंडीगढ़ में 2023 और 2024 में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई, लेकिन 2025 में 37 मामले दर्ज किए गए। हरियाणा में 2025 में 15 एफआईआर दर्ज हुईं, जबकि हिमाचल प्रदेश में 2023 और 2025 में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई।

सरकार ने युवाओं से सतर्क रहने और केवल अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश में रोजगार के लिए आवेदन करने की अपील की है।

# भारतीय नौसेना को मिलेगी ताकत : 27 फरवरी को अंजदीप युद्धपोत होगा शामिल

## स्वदेशी तकनीक से निर्मित परियोजना का तीसरा पोत, तटीय सुरक्षा और पनडुब्बी रोधी क्षमता में बड़ा इजाफा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना अपनी पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को और मजबूत करने जा रही है। आठ युद्धपोतों वाली एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट परियोजना के तहत तीसरे पोत अंजदीप को 27 फरवरी, 2026 को चेन्नई बंदरगाह पर पूर्वी नौसेना कमान में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी करेंगे।



यह उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश की तेज प्रगति को दर्शाती है। एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट परियोजना स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन और निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस पोत का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता द्वारा किया गया है।

अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में विकसित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय इलाकों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है।

यह पोत स्वदेशी और अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी हथियारों तथा सेंसर प्रणाली से लैस है, जिसमें हल माउंटेड सोनार 'अभय', हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट शामिल हैं।

अपनी मुख्य पनडुब्बी रोधी भूमिका के अलावा, यह फुर्तीला और अत्यधिक पैंतरेबाज़ी करने में सक्षम युद्धपोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और खोज एवं बचाव कार्यों को अंजाम देने में भी सक्षम है। 77 मीटर लंबा यह पोत उच्च गति वाली वाटर-जेट प्रोपल्शन प्रणाली से लैस है, जो इसे 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्रदान करती है।

कारवार तट के निकट स्थित ऐतिहासिक महत्व के द्वीप के नाम पर रखे गए अंजदीप के नौसेना में शामिल होने से तमिलनाडु और पुडुचेरी सहित देश के विस्तृत समुद्री हितों और तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह कदम भारतीय नौसेना को एक सशक्त और आत्मनिर्भर निर्माता नौसेना के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# अनजान नंबरों से आने वाली कॉल्स होंगी अपने आप साइलेंट

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

लगातार बढ़ती स्पैम कॉल्स से लोग परेशान हैं, खासकर जब अनजान नंबरों से व्हाट्सऐप पर कॉल आ जाती है। ऐसे में व्हाट्सऐप का एक खास फीचर आपकी बड़ी मदद कर सकता है। व्हाट्सऐप में 'साइलेंस अननोन कॉलर्स' नाम का विकल्प मिलता है, जिसे सक्रिय करने पर अनजान नंबरों से आने वाली कॉल्स अपने आप साइलेंट हो जाती हैं। यानी कॉल आएगी, लेकिन फोन नहीं बजेगा और आपको तुरंत नोटिफिकेशन नहीं मिलेगा। इससे आप गलती से भी संदिग्ध कॉल रिसीव करने से बच सकते हैं।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें, विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों, स्वास्थ्य उत्तम रहे और चेहरे पर संतोष की मुस्कान बनी रहे। आपका दिन शुभ, सुखद और प्रेरणादायक हो। आपका दिन मंगलमय हो।

**एडवोकेट विवेक शर्मा**

# दिल्ली में राह-वीर योजना में हादसा पीड़ितों की मदद करने पर 25 हजार का इनाम

## गोल्डन ऑवर में सहायता को बढ़ावा, मददगारों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र के साथ कानूनी संरक्षणः सीएम रेखा गुप्ता

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने से लोग अक्सर कानूनी झंझट या पुलिस कार्रवाई के डर से पीछे हट जाते हैं। अब इस डर को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार की 'राह-वीर योजना' को राष्ट्रीय राजधानी में लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत गंभीर रूप से घायल सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले नागरिकों को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में 'गोल्डन ऑवर' के दौरान त्वरित सहायता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को दुर्घटना पीड़ितों को समय रहते चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का मानना है कि यदि अधिक से अधिक लोग आगे आकर मदद करेंगे तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। अक्सर लोग कानूनी पचड़ों के डर से मदद करने से बचते हैं, लेकिन यह योजना उस भय को दूर कर नागरिकों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में, जहां प्रतिदिन हजारों वाहन सड़कों पर चलते हैं, गोल्डन ऑवर के भीतर चिकित्सा सहायता जीवन और मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभा सकती है। मददगारों को प्रोत्साहन राशि और कानूनी संरक्षण मिलने से अधिक लोग घायल व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का साहस करेंगे।

यह योजना मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 134ए के तहत अधिसूचित 'गुड सेमेरिटन' नियमों के अनुरूप तैयार की गई है। इन नियमों के तहत स्वेच्छा से घायल या संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने वालों को कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया है। योजना के तहत कोई भी व्यक्ति, जिसने किसी गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया हो, वह पुरस्कार का पात्र होगा। प्रत्येक मामले में राह-वीर को 25 हजार रुपये की नकद राशि दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति एक ही दुर्घटना में एक से अधिक पीड़ितों की जान बचाता है तो भी अधिकतम 25 हजार रुपये ही प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, वर्ष भर में चयनित 10 सर्वश्रेष्ठ राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये का विशेष पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर मूल्यांकन समिति गठित की जाएगी, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शामिल होंगे। चयनित लाभार्थियों के बैंक खाते में पुरस्कार राशि सीधे ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी और पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज होगी।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस मानवीय पहल से राजधानी में सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी और जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सकेगी, जिससे कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकेंगी।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | दीवाली से पहले गलती से कबाड़ में बिके थे सोने के आभूषण, छह माह बाद परिवार को मिले वापस

# ईमानदारी की मिसालः कबाड़ी ने लौटाए 15 लाख रुपये के गहने

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

फरीदाबाद के एक कबाड़ी हाजी अख्तर खान ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए करीब 100 ग्राम सोने के आभूषण उनके असली मालिकों को लौटा दिए। इन गहनों की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

यह आभूषण अशोक शर्मा के परिवार के थे, जो पेशे से इलेक्ट्रिशियन हैं। पिछले वर्ष अक्तूबर में लक्ष्मी पूजा की तैयारी के दौरान परिवार को गहनों के गायब होने का पता चला। चूड़ियों और झुमकों सहित अन्य आभूषण एक छोटे डिब्बे में रखे गए थे और चोरी से बचाने के लिए घर के भीतर एक बोरे में रख दिए गए थे। जनवरी में परिवार कुंभ मेले में गया हुआ था। दीवाली से पहले घर की सफाई के दौरान गलती से वही बोरा कबाड़ समझकर बेच दिया गया। यह कबाड़ हाजी अख्तर खान के पास पहुंचा, जो वर्ष 1992 से आगरा नहर रोड पर कबाड़ का कारोबार कर रहे हैं। परिवार को शक हुआ कि सफाई के दौरान गहने कबाड़ के साथ चले गए हैं। इसके बाद शर्मा कई बार खान की दुकान पर पूछताछ करने पहुंचे, लेकिन उस समय कोई सुराग नहीं मिला। खान ने बताया कि जब परिवार दो महीने बाद उनके पास आया तो दुकान की सीसीटीवी फुटेज इतनी पुरानी उपलब्ध नहीं थी, क्योंकि 20-30 दिन बाद फुटेज हटा दी जाती है।



इस सप्ताह घटनाक्रम ने नया मोड़ लिया, जब खान अपनी दुकान पर कबाड़ छांट रहे थे। उन्हें एक प्लास्टिक का पैकेट दिखाई दिया। शक होने पर उन्होंने उसे एक जौहरी को दिखाया। जांच में पता चला कि वह 22 कैरेट सोना है, जिसका वजन करीब 100 ग्राम है।

खान ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास था कि यह गहने शर्मा परिवार के ही हैं, इसलिए इन्हें लौटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे मेहनत की कमाई में विश्वास रखते हैं और किसी और की संपत्ति अपने पास नहीं रख सकते। उनके परिवार ने भी इस निर्णय का समर्थन किया। गहनों की सही और कानूनी तरीके से सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए खान उन्हें पुलिस थाने ले गए, जहां से उन्हें विधिवत प्रक्रिया के बाद असली मालिकों को सौंप दिया गया।

# निजी एयरलाइंस किरायों में नहीं कर सकती मनमानीः SC

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि निजी एयरलाइंस द्वारा हवाई किरायों और संबंधित शुल्कों में मनमाने बदलावों पर नियंत्रण के मुद्दे पर नागर विमानन मंत्रालय सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। यह मुद्दा एक जनहित याचिका में उठाया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिका में उठाए गए सवालों को गंभीर चिंता का विषय बताया और केंद्र सरकार को इस पर विचार कर निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। यदि मामला गंभीर न होता तो इतनी बड़ी संख्या में याचिकाएं स्वीकार नहीं की जातीं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने अदालत से कम से कम तीन सप्ताह का समय मांगा, यह कहते हुए कि संबंधित मंत्रालय इन मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श कर रहा है और जवाब दाखिल करने के लिए समय आवश्यक है। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को निर्धारित की गई है। इससे पहले 19 जनवरी को शीर्ष अदालत ने त्योहारों और आपात स्थितियों के दौरान हवाई किरायों में अत्यधिक वृद्धि को शोषण करार देते हुए केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से जवाब तलब किया था। 17 नवंबर को अदालत ने इस मामले में केंद्र, डीजीसीए और भारतीय हवाईअड्डे आर्थिक नियामक प्राधिकरण को नोटिस जारी किए थे।

# हरियाणा विधानसभा में हुआ हंगामा: हाउस अरेस्ट के आरोपों पर विपक्ष का वॉकआउट

## गुरुग्राम–फरीदाबाद–नोएडा कॉरिडोर को मंजूरी, छछरौली में मालिकाना हक देने की घोषणा

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू होते ही हंगामेदार हो गई। रोहतक से कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने राज्य में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह उनकी सुरक्षा से जुड़ा मामला है और सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यह निर्णय यूटी प्रशासन का है और विधानसभा परिसर से संबंधित नहीं है, इसलिए इसे सदन का विषय नहीं माना जा सकता। इस पर हुड्डा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जवाब नहीं देगी तो मुख्यमंत्री को सदन से बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा।



विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री। - समर न्यूज

कांग्रेस विधायकों ने हाउस अरेस्ट किए गए नेताओं की तस्वीरें लहराईं। मंत्री महिपाल ढांडा ने टिप्पणी की कि संभव है फोटो सुरक्षाकर्मियों के साथ खिंचवाई गई हो और इसकी जांच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ कहा कि किसी को हाउस अरेस्ट नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के लिए सेक्टर-25 में स्थान निर्धारित है, लेकिन विधानसभा के आसपास विरोध प्रदर्शन पर यूटी प्रशासन ने संज्ञान लिया। तीखी नोकझोंक के बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया।

इस बीच मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम से फरीदाबाद और नोएडा के बीच बनने वाले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के अंतिम एलाइनमेंट को मंजूरी मिलने की जानकारी दी। 52 किलोमीटर लंबा यह हिस्सा हरियाणा में होगा और गुरुग्राम के इफको चौक से शुरू होकर फरीदाबाद होते हुए नोएडा तक जुड़ेगा। यह परियोजना गुरुग्राम मेट्रो से भी जुड़ेगी और फरीदाबाद में 16 किलोमीटर का एकीकृत सेक्शन शामिल होगा। जल्द ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर काम शुरू किया जाएगा।

मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का ऐलान किया था, लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं दी और सेक्टर-9 स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर धारा 163 लागू कर दी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि कई जिलों में नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया। दोपहर बाद राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग उठाई और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेरा। वहीं मुख्यमंत्री ने छछरौली में विस्तृत सर्वे के आधार पर निवासियों को मालिकाना हक देने की घोषणा की, जिससे सैकड़ों परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# हाईवे किनारे खंडहर में मिला युवक का शव

## अंबाला-जगाधरी हाईवे किनारे मिला शव, नशे की लत से जूझ रहा था प्रिंस

समर न्यूज | अंबाला



अंबाला-जगाधरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर महेश नगर क्षेत्र के पास स्थित एक जर्जर मकान में 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान प्रिंस के रूप में हुई है, जो लंबे समय से नशे की लत से परेशान बताया जा रहा था। सूचना मिलते ही महेश नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कैंट नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने खंडहरनुमा मकान में युवक का शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। फिलहाल मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

मृतक की मां कमलेश देवी ने रोते हुए बताया कि प्रिंस नशे की गिरफ्त में इस कदर फंस चुका था कि परिवार की स्थिति प्रभावित होने लगी थी। कई बार समझाने और इलाज कराने के प्रयासों के बावजूद जब वह नहीं सुधरा तो करीब छह महीने पहले उसे घर से अलग कर दिया गया था। तब से वह इधर-उधर रह रहा था।

प्रिंस अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हाईवे किनारे स्थित यह खंडहर लंबे समय से नशा करने वालों का ठिकाना बना हुआ है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना रहता है।

पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# स्टंट बना जानलेवा, 100 फुट गहरी खाई में गिरी थार

समर न्यूज | फरीदाबाद

धौज थाना क्षेत्र के गांव सिरोही स्थित पहाड़ी इलाके में स्टंट के दौरान एक थार एसयूवी करीब 100 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे 15 वर्षीय सोहन की मौत हो गई, जबकि चालक विकास और उसका एक अन्य साथी घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के पिता प्रमोद की शिकायत पर वाहन मालिक के बेटे विकास के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। प्रमोद का आरोप है कि विकास तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार सोहन नौवीं कक्षा का छात्र था और अपने परिवार के साथ करनेरा की बालाजी कॉलोनी में रहता था। उसके पिता एक निजी उद्योग में कार्यरत हैं। विकास उसका मित्र था और करीब एक महीने पहले उसके परिवार ने नई थार खरीदी थी। विकास सोहन और



हेमंत को गाड़ी में बैठाकर घूमने के लिए निकला। वे मुख्य सड़क छोड़कर कच्चे रास्ते से करीब एक किलोमीटर अंदर पहाड़ी क्षेत्र में पहुंच गए। बताया जा रहा है कि तीनों युवक खाई के किनारे गाड़ी से स्टंट कर रहे थे और फोटो-वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान चालक ने आगे की बजाय गलती से पिछला गियर लगा दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सीधे खाई में जा गिरा। पास से गुजर रहे लोगों ने कार को खाई में गिरते देखा और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सोहन को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो किशोरों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# आईडीएफसी बैंक फ्रॉड मामले में 4 गिरफ्तार

## 23 फरवरी को पंचायत विभाग से गबन की सूचना मिलने के बाद एसीबी ने किया था मामला दर्ज

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के खातों से 583 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख डीजीपी एएस चावला ने पत्रकारवार्ता में बताया कि यह मामला पंचायत विभाग की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था और प्रारंभिक जांच में बैंक अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है।

जांच के अनुसार, 23 फरवरी को पंचायत विभाग से गबन की सूचना मिलने के बाद एसीबी ने मामला दर्ज किया। जांच में सामने आया कि उस समय आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा से जुड़े रहे रिभव



ऋषि और उसके सहयोगी अभय कुमार ने मिलकर सरकारी धन के गबन की साजिश रची। रिभव बाद में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की जीरकपुर शाखा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था।

दोनों को मुख्य आरोपी मानते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि अभय कुमार ने अपनी बहन स्वाति सिंगला और बहनोई अभिषेक सिंगला को भी इस योजना में शामिल किया। स्वस्तिक देश प्रोजेक्ट नामक एक फर्जी फर्म बनाकर सरकारी खातों से करोड़ों रुपये इस कंपनी में ट्रांसफर किए गए। एसीबी ने स्वाति और अभिषेक को भी हिरासत में लिया है। चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि कुछ सरकारी अधिकारियों की संभावित मिलीभगत हो सकती है, जिसकी जांच जारी है। एसीबी की टीमें मोहाली, जीरकपुर और अन्य स्थानों पर छापेमारी कर साक्ष्य जुटा रही हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में जानकारी दी कि धोखाधड़ी का खुलासा होने के 24 घंटे के भीतर बैंक ने सरकार की पूरी राशि ब्याज सहित लौटा दी है। उन्होंने बताया कि 556 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खातों में जमा की गई है, जिसमें ब्याज भी शामिल है।

साथ ही वित्त सचिव अरुण गुप्ता की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जो पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर भविष्य के लिए जवाबदेही और सुधारात्मक उपाय सुझाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह बैंक कर्मचारी हो या सरकारी अधिकारी।

# फोन हैक कर महिला से 2.05 लाख की ठगी

समर न्यूज | हिसार

शहर में साइबर अपराध का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां बदमाशों ने एक महिला का मोबाइल फोन हैक कर निजी डाटा चोरी कर लिया। इसके बाद उसकी एडिटेड तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर 2 लाख 5 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह टेलीग्राम का उपयोग करती है। उसे 'सैम लॉटरी' नामक एक ऑनलाइन गेम का संदेश मिला, जिसमें मोटा इनाम जीतने का लालच दिया गया। इसके बाद उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया। लिंक खोलते ही वह एक ग्रुप से जुड़ गई और उसे गेम खेलने के लिए कहा गया। शुरुआत में गेम जीतने पर 10 हजार और फिर 20 हजार रुपये इनाम का संदेश मिला। इसके बाद आरोपियों ने एक और लिंक भेजकर उस पर क्लिक कर व्यक्तिगत जानकारी भरने को कहा, ताकि इनाम की राशि खाते में ट्रांसफर की जा सके। जैसे ही महिला ने लिंक पर क्लिक किया, उसका फोन हैक हो गया। कुछ देर बाद आरोपियों का संदेश आया कि उसके फोन का पूरा डाटा उनके पास है। इसके बाद उसकी एक एडिटेड फोटो भेजकर धमकी दी गई कि यदि तुरंत उनके बैंक खातों में रुपये नहीं डाले गए तो तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल कर दी जाएंगी। डर के चलते महिला ने पहले दो बार में 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद फिर से धमकी भरे संदेश आए कि फोटो वायरल कर दी गई है और उसे हटवाने के लिए और पैसे देने होंगे। महिला ने अलग-अलग किश्तों में 80 हजार और 75 हजार रुपये और भेज दिए। इस तरह साइबर अपराधियों ने कुल 2,05,000 रुपये ठग लिए।

# हिसार में 7 एकड़ पर बनेगी पहली ऑर्गेनिक मंडी

समर न्यूज | हिसार

जिले में ऑर्गेनिक फल, सब्जी और अनाज मंडी की स्थापना के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। सब्जी मंडी से सटी करीब 7 एकड़ भूमि पर प्रदेश की पहली समर्पित ऑर्गेनिक मंडी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जून 2025 में की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए कृषि विभाग और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के बीच बैठक के बाद इस परियोजना पर सहमति बनी है। संभावना है कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किया जाएगा। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 5 हजार से अधिक किसान 18,070 एकड़ भूमि पर आर्गेनिक खेती कर रहे हैं, लेकिन उनके उत्पादों की बिक्री के लिए अलग से कोई समर्पित मंडी उपलब्ध नहीं है। ऑर्गेनिक उत्पादों के प्रमाणन की भी प्रभावी सरकारी व्यवस्था नहीं होने से किसानों को



दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल किसानों के समूह ही आपसी स्तर पर प्रमाणपत्र जारी करते हैं। नई मंडी में राज्य सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसी से सभी उत्पादों का प्रमाणन कराया जाएगा और हर पैकिंग पर आधिकारिक मोहर होगी। यहां किसी भी उत्पाद की खुले में बिक्री की अनुमति नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने जून 2025 में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित उद्यमिता दिवस कार्यक्रम के दौरान हिसार में ऑर्गेनिक फल-सब्जी मंडी और गुरुग्राम में ऑर्गेनिक अनाज मंडी स्थापित करने की घोषणा की थी। प्रारंभिक योजना के तहत अलग-अलग उत्पादों की मंडी प्रस्तावित थी, लेकिन अब दोनों स्थानों पर सभी प्रकार के ऑर्गेनिक उत्पादों की बिक्री की सहमति बनी है। हिसार की मौजूदा सब्जी मंडी लगभग 27 एकड़ में फैली हुई है। प्रस्ताव है कि कोल्ड स्टोरेज के पास खाली पड़ी जमीन पर नई ऑर्गेनिक मंडी विकसित की जाए। यहां बड़े शोरूम और छोटे बूथ दोनों बनाए जाएंगे। बड़ी कंपनियां शोरूम ले सकेंगी, जबकि किसान छोटे बूथ या किराए की दुकानों के माध्यम से अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकेंगे।

# नफे राठी हत्याकांड के दोषियों की गिरफ्तारी होः अभय चौटाला

समर न्यूज | बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ से पूर्व विधायक एवं इनेलो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में न्याय की मांग जोरदार तरीके से उठी। सभा में इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला विशेष रूप से उपस्थित रहे और दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि नफे सिंह राठी हत्याकांड के दोषियों और साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो इनेलो इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगी और सड़कों पर उतरकर आंदोलन भी करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता न्याय की इस लड़ाई में परिवार



के साथ खड़ा है। अभय चौटाला ने नफे सिंह राठी को जन समर्पित और संघर्षशील नेता बताते हुए उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। 25 फरवरी 2024 को बहादुरगढ़ के बराही रोड पर नफे सिंह राठी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जिम्मेदारी यूके में रह रहे कुख्यात अपराधी कपिल सांगवान उर्फ नंदू ने ली थी। पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें दो शूटर शामिल हैं, जबकि दो अन्य हमलावर अभी फरार बताए जा रहे हैं।

# अस्पताल पर आयकर-जीएसटी की छापेमारी

## छापेमारी के दौरान अस्पताल की सामान्य चिकित्सा सेवाएं जारी रहीं

समर न्यूज | हिसार

हरियाणा के हिसार शहर के सेक्टर-14 स्थित एक प्रतिष्ठित सुपर स्पेशलिटी निजी अस्पताल में बुधवार तड़के आयकर विभाग और वस्तु एवं सेवा कर विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। सुबह लगभग छह बजे अधिकारियों की टीम अस्पताल परिसर में पहुंची और दस्तावेजों की जांच आरंभ कर दी। विभागीय अधिकारियों ने अस्पताल के लेखा विभाग, बिलिंग काउंटर और प्रशासनिक शाखा में मौजूद अभिलेखों को अपने कब्जे में लेकर उनकी गहन पड़ताल शुरू की। अस्पताल में होने वाले वित्तीय लेन-देन, कर भुगतान से जुड़े दस्तावेजों और आय-व्यय के विवरण की बारीकी से जांच की जा रही है। टीम द्वारा संबंधित कर्मचारियों और प्रबंधन से पूछताछ भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह



अस्पताल लगभग 500 बिस्तरों की क्षमता वाला शहर का एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है, जहां आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इस अस्पताल का उद्घाटन हरियाणा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा किया गया था और वे पूर्व में यहां का दौरा भी कर चुके हैं। छापेमारी के दौरान अस्पताल की सामान्य चिकित्सा सेवाएं जारी रहीं, हालांकि प्रशासनिक गतिविधियों पर असर देखा गया। विभागीय अधिकारी वित्तीय अनियमितताओं की आशंका के आधार पर रिकॉर्ड का मिलान कर रहे हैं।

फिलहाल संबंधित विभागों की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# फरवरी में ही 31 डिग्री तक पहुंचा तापमान

समर न्यूज | चंडीगढ़

फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही हरियाणा में गर्मी ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि कम से कम 10 जिलों में पारा 28 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बने रहने से सुबह और रात के समय हल्की ठंड का एहसास अभी भी बरकरार है। राज्य के रोहतक, भिवानी, महेंद्रगढ़, हिसार, अंबाला, गुरुग्राम और सिरसा समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान 28 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 28 फरवरी को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना जताई है। बीते दिनों में दिन के तापमान में सामान्य से करीब 3.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे दोपहर के समय तेज गर्मी महसूस की जा रही है। विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है।

# एजेएल जमीन केस में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हाईकोर्ट से मिली राहत

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बड़ी राहत दी है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा आरोप तय करने के फैसले को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जांच एजेंसी उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किसी अपराध को साबित नहीं कर पाई है और जमीन आवंटन को अवैध घोषित करने का कानूनी अधिकार भी उसके पास नहीं है। यह मामला पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित लगभग 3,360 वर्ग मीटर सरकारी भूखंड के आवंटन से जुड़ा है। एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड को यह जमीन वर्ष 1982 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान आवंटित की गई थी। उस समय राज्य में भजनलाल मुख्यमंत्री थे और कंपनी के चेयरमैन मोतीलाल वोरा थे। वर्ष 1992 में निर्माण कार्य समय पर शुरू न होने के आधार पर सरकार ने यह प्लॉट वापस ले लिया था। बाद में 2005 में कांग्रेस सरकार की वापसी पर हुड्डा सरकार ने इसी भूखंड को पुराने दरों पर दोबारा आवंटित कर दिया, जिसे लेकर विवाद खड़ा हुआ। वर्ष 2016 में राज्य की विजिलेंस ब्यूरो ने प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसे 2017 में सीबीआई को सौंप दिया गया। सीबीआई ने 2018 में आरोपपत्र दाखिल किया। हाईकोर्ट ने 2021 से इस मामले की सुनवाई पर रोक लगा रखी थी और अब विस्तृत सुनवाई के बाद आरोप तय करने का आदेश निरस्त कर दिया। इस मामले में हुड्डा के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के चार वरिष्ठ अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया था। पुनः आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने भी कार्रवाई की थी।

आयोजन

## कैडेट्स को अनुशासन और नेतृत्व का संदेश

# एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर का कॉलेज दौरा

समर न्यूज | कलानौर

भिवानी स्थित 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन ने कलानौर के सत जींदा कल्याण कॉलेज का दौरा किया। उनके आगमन पर कॉलेज के एएनओ कैप्टन डॉ. विकास कुमार के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीतों से हुई, जिसे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में कर्नल रितेश रंजन ने कैडेट्स को अनुशासन, देशभक्ति और टीमवर्क के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने कैडेट्स को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेश



कुमार दुआ ने भी एनसीसी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों से एनसीसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कैप्टन डॉ. विकास कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि एनसीसी से छात्र-छात्राओं में साहस, नेतृत्व कौशल और आत्मनिर्भरता का विकास होता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संजय खीथा और अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कॉलेज परिसर में दिनभर उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा।

# करंट से महिला की मौत, बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप

समर न्यूज | पंचकूला

हरियाणा के पंचकूला जिले में एक दर्दनाक हादसे में महिला की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना पिंजौर थाना क्षेत्र के कजियाणा गांव में हुई, जहां जंगल में घास लेने गई महिला टूटे हुए हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। मृतका के पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बिजली निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कजियाणा की निवासी आशा देवी अपने पड़ोस की महिलाओं कांता और हिमानी के साथ जंगल में घास लेने गई थीं। इसी दौरान रास्ते में 11,000 केवीए का हाईटेंशन तार टूटकर जमीन पर गिर गया। आशा देवी का पैर तार पर पड़ते ही उसे जोरदार करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गईं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आशा देवी अपने पीछे 12 वर्षीय बेटे और 8 वर्षीय बेटी को छोड़ गई हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और गांव में शोक का माहौल बन गया। मृतका के पति राजेश कुमार, जो जनस्वास्थ्य विभाग में डेली वेज कर्मचारी हैं, ने आरोप लगाया कि बिजली निगम की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि यदि टूटे तार की समय पर मरम्मत होती या इलाके की नियमित जांच की जाती, तो उनकी पत्नी की जान बच सकती थी। पिंजौर थाना के जांच अधिकारी एसआई सतीश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर बिजली निगम के संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 लापरवाही से मृत्यु और 287 उपकरण/मशीनरी से लापरवाही के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि हादसे में जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मनाली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते वीर सोरेन की मौत

## तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में तोड़ा दम, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

समर न्यूज़ | कुल्लू

मनाली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के 22 वर्षीय पोते वीर सोरेन की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वीर अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए मनाली आए हुए थे। बुधवार सुबह उनके परिजन मनाली पहुंचे और शव को झारखंड ले जाने की तैयारी की। इस दौरान परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसकी पुष्टि मनाली के डीएसपी केडी वर्मा ने की है। पुलिस के अनुसार, वीर सोरेन 22 फरवरी को अपने दोस्तों के साथ मनाली पहुंचे थे और सिमसा स्थित एक निजी होटल में ठहरे हुए थे। 23 फरवरी को वे दोस्तों के साथ सोलंग वैली और हाम्टा पास के



समीप स्थित सेथन गांव घूमने गए थे। बताया जा रहा है कि सेथन गांव अधिक ऊंचाई पर स्थित है और वहीं से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे वीर अपने होम-स्टे के आसपास घूमकर लौटे। इसी दौरान उन्हें सिर में तेज दर्द की शिकायत हुई। दोस्तों ने उन्हें दवा दी, जिसके बाद वे आराम करने के लिए लेट गए। करीब 2:30 बजे कमरे से गिरने की आवाज सुनाई दी। दोस्तों ने देखा कि वीर बिस्तर से नीचे गिरे पड़े थे। उन्हें तुरंत निजी वाहन से सिविल अस्पताल मनाली ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने के दौरान उनके मुंह से झाग निकलने की बात भी सामने आई। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें बचाने के लिए काफी देर तक सीपीआर दिया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। 24 फरवरी की शाम अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी कि वीर सोरेन को मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर शव का निरीक्षण किया और फोटोग्राफी करवाई। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही चंपाई सोरेन रांची से मनाली के लिए रवाना हो गए। इस दुखद घटना पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## बलोह टोल प्लाजा के पास कार से 949 ग्राम चरस बरामद, दो युवक गिरफ्तार

समर न्यूज़ | बिलासपुर

पुलिस थाना घुमारवीं की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बलोह टोल प्लाजा के समीप एक कार से 949 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में हरियाणा के दो युवकों को मौके पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार टोल प्लाजा के पास विशेष नाकाबंदी कर फोरलेन से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रही एक कार को संदेह के आधार पर रुकवाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से 949 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामदगी के बाद वाहन में सवार दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया गया। घुमारवीं पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# झाड़ियों में मिला महिला का शव

## हत्या की जताई जा रही है आशंका

समर न्यूज़ | मंडी

हिमाचल प्रदेश के जोगिंद्रनगर क्षेत्र में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आरठी गांव के समीप झाड़ियों में 40 वर्षीय महिला की लाश बरामद होने के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान मणि देवी (40) निवासी गांव भजेरा, डाकघर द्रुब्बल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह शहर से सटे आरठी गांव में कुछ समय से ठहरी हुई थी। अप्पर गरोडू क्षेत्र के पास स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में एक महिला का शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए



जांच करती पुलिस। - समर न्यूज़

विनोद कुमार, पुलिस अधीक्षक मंडी, भी घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला को किसी ऊंचे स्थान से नीचे फेंका गया हो, हालांकि पुलिस आत्महत्या और हादसे की संभावना को भी खारिज नहीं कर रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि महिला की मौत से जुड़े कारणों का पता लगाया जा सके।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है और हर पहलू को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है।

## दिल्ली पुलिस ने युवा कांग्रेस के तीन कार्यकर्ता किए गिरफ्तार

समर न्यूज़ | शिमला

दिल्ली पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू क्षेत्र से इंडियन नेशनल यूथ कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई एआई समिट 2026 के दौरान हुए शर्टलेस प्रदर्शन के मामले में की गई। पुलिस तीनों को दिल्ली ले जा रही थी, तभी हिमाचल पुलिस को इसकी सूचना मिली। इसके बाद शिमला, शोघी, धर्मपुर और आईएसबीटी शिमला में दिल्ली पुलिस की चार गाड़ियों को रोका गया।

शिमला पुलिस ने गिरफ्तारी प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। तीनों कार्यकर्ताओं को जिला अदालत चक्कर में पेश किया गया, जहां देर शाम तक सुनवाई चली। बाद में दोनों राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय के बाद दिल्ली पुलिस उन्हें साथ लेकर रवाना हो गई।

# प्रो. प्रेम कुमार धूमल का नेतृत्व जनसेवा का आदर्शः टंडन

## संजय टंडन बोले, केंद्र की नीतियों से हिमाचल प्रदेश पर्यटन में छुएगा नई ऊंचाइयां

समर न्यूज़ | हमीरपुर

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास पर आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर टंडन ने कहा कि प्रो. धूमल का सार्वजनिक जीवन सादगी, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। हिमाचल प्रदेश के विकास, संगठन सुदृढ़ीकरण और राष्ट्रहित के मुद्दों पर उनका दृष्टिकोण सदैव स्पष्ट, दूरदर्शी और प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेतृत्व का सान्निध्य हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

संजय टंडन ने संघीय बजट 2026-27 का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों , अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में



मंदिरों और मठों के संरक्षण, तीर्थ केंद्रों के निर्माण तथा आवागमन और अन्य सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि भारत पहली बार 'ग्लोबल बिग कैट समिट' की मेजबानी करेगा, जिसमें 95 देशों के नेता और मंत्री भाग लेंगे। यह आयोजन पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन के क्षेत्र में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को और सुदृढ़ करेगा।

उन्होंने बताया कि पूर्वोदय राज्यों में पाँच बड़े पर्यटन केंद्र विकसित किए जाएंगे और आवागमन के लिए 4000 ई-बसें चलाई जाएंगी। साथ ही भारत को चिकित्सा पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए पाँच क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। लोथल, धोलावीरा, राखीगढ़ी, आदिचनल्लूर, सारनाथ, हस्तिनापुर और लेह पैलेस सहित 15 पुरातात्विक स्थलों को जीवंत एवं अनुभवात्मक सांस्कृतिक स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा।

टंडन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वयं एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और केंद्र सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर अनेक योजनाएं बनाई हैं। यदि हिमाचल प्रदेश सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करे तो प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू सकता है। उन्होंने कहा, जहाँ चाह वहाँ राह", यदि नीति और नीयत दोनों स्पष्ट हों तो हिमाचल को पर्यटन और सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में आसमान छूने से कोई नहीं रोक सकता।

## पत्नी की मानसिक क्रूरता साबित, पति की तलाक याचिका मंजूर

समर न्यूज़ | शिमला

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट शिमला (ठियोग में कैंप) ने कहा है कि शादी के मामले में पति या पत्नी के खिलाफ बार-बार आपराधिक शिकायत दर्ज करना मानसिक और भावनात्मक क्रूरता के अंतर्गत आता है। यह टिप्पणी अदालत ने तलाक की याचिका की सुनवाई के दौरान की। मामले में पत्नी के व्यवहार से मानसिक क्रूरता सिद्ध हुई। अदालत ने याचिका पर विचार कर पति की तलाक की याचिका को मंजूरी दे दी। यह याचिका कोटखाई उपमंडल के एक व्यक्ति द्वारा दायर की गई थी। याचिका के अनुसार, शादी के चार महीने तक दोनों पति-पत्नी गाँव में एक साथ रहे। इसके बाद पत्नी ने ससुराल छोड़ दिया और अपने मायके चली गई। ससूत्रों के अनुसार, पत्नी इस शर्त पर लौटने को तैयार हुई कि पति के साथ अलग रहेंगे।

# स्कूल हत्याकांड के बाद सरकारी स्कूलों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिलों के उपनिदेशकों, प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को औपचारिक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह निर्णय कांगड़ा जिले के चनौर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में हुई दर्दनाक घटना के बाद लिया गया है। उपमंडल देहरा के अंतर्गत आने वाले इस स्कूल परिसर में 55 वर्षीय मिड-डे मील वर्कर सुलोचना देवी की हत्या कर दी गई थी। स्कूल कैंपस में हुई इस वारदात ने शिक्षा विभाग और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी थी, जिसके मद्देनजर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग आशीष कोहली द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालयों के मुख्य प्रवेश द्वार, पिछला गेट और ऐसे सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जहां से अवैध प्रवेश की आशंका रहती है। कैमरों के माध्यम से स्कूल परिसर की गतिविधियों की निगरानी की जा सकेगी और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में जांच एजेंसियों को ठोस साक्ष्य उपलब्ध होंगे। विभाग ने यह भी माना है कि प्रदेश के अनेक स्कूलों में पुरुष चौकीदार की नियुक्ति नहीं है। वहीं, विद्यालयों में कंप्यूटर लैब, आईटी और आईसीटी लैब सहित अन्य महंगे उपकरण और शैक्षणिक संसाधन मौजूद हैं, जिनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। ऐसे में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को सुरक्षा की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

# चंबा विधायक हंसराज की जमानत पर संकट

समर न्यूज़ | शिमला

चंबा जिले के चुराह क्षेत्र से भाजपा विधायक हंसराज पर दर्ज पॉक्सो एक्ट का मामला अब उच्च न्यायालय में पहुँच गया है। पीड़िता ने चंबा न्यायालय द्वारा विधायक को दी गई जमानत को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। उच्च न्यायालय ने विधायक हंसराज समेत सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिया है। याचिका की सुनवाई के दौरान एडमिशन पर निर्णय अभी होना बाकी है।

अदालत की खंडपीठ, न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की बैंच ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता बीएल सोनी और नितिन सोनी उपस्थित रहे, जबकि राज्य की ओर से अतिरिक्त अधिवक्ता जनरल जितेंद्र शर्मा पेश हुए। अदालत ने प्रतिवादियों में राज्य, पुलिस अधीक्षक चंबा और महिला थाना चंबा के थानेदार को नोटिस तामील का उल्लेख किया और याचिकाकर्ता



को एक सप्ताह में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए। यह आदेश फिलहाल प्रारंभिक प्रकृति का है और अदालत ने मामले में दोष-गुण पर कोई टिप्पणी नहीं की। अगली सुनवाई राज्य सरकार के जवाब और अन्य पक्षों की दलीलों के बाद होगी। इस मामले में विधायक हंसराज को चंबा न्यायालय ने 27 नवंबर 2025 को नियमित जमानत प्रदान की थी।

**मामले का सिलसिला**

साल 2024 के अगस्त में पीड़िता ने विधायक पर अश्लील संदेश, नग्न तस्वीरें मांगने और व्यक्तिगत धमकी देने का आरोप पुलिस में दर्ज कराया। 16 अगस्त 2024 को महिला थाना चुराह में प्राथमिकी दर्ज हुई। बाद में पीड़िता ने न्यायालय में अपना बयान दिया, लेकिन कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर लाइव आकर उसने आरोपों को गलतफहमी और मानसिक तनाव का परिणाम बताया। अक्टूबर 2025 में पीड़िता ने सात मिनट से अधिक का वीडियो साझा किया, जिसमें वह रोते हुए दिखाई दी और परिवार के खिलाफ खतरों की बात कही। नवंबर 2025 में पीड़िता के पिता ने कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बेटी को जबरदस्ती शिमला ले जाया गया, मोबाइल और फोन स्विच ऑफ कर दिया गया और उसे धमकाया गया। 7 नवंबर 2025 को पीड़िता ने वीडियो बनाकर विधायक पर शारीरिक शोषण के आरोप लगाए। इसके बाद कोर्ट में बयान दर्ज हुए और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। विधायक हंसराज ने गिरफ्तारी से बचने के लिए चंबा कोर्ट में अंतरिम जमानत की याचिका दायर की और दो सप्ताह की अंतरिम जमानत प्राप्त की। 27 नवंबर को उन्हें नियमित जमानत मिल गई। अब यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

# निवेश ठगी का मामला, 37 केंद्र और 200 करोड़ की ठगी उजागर

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में निवेश ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पता चलते ही पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रदेश में इस सोसायटी के लगभग 37 केंद्र सक्रिय थे, जबकि इसका नेटवर्क आठ राज्यों तक फैला हुआ था। इसमें हिमाचल प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, कर्नाटक, असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। आरोप है कि ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड ने लगभग 5000 एजेंटों की संगठित चेन के माध्यम से आम लोगों को उच्च रिटर्न, सुरक्षित निवेश और शीघ्र लाभ का झांसा देकर राशि जमा करवाई। बाद में भुगतान में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं और निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। जांच दस्तावेजों के अनुसार विभिन्न जिलों से लगभग 200 करोड़ रुपये की राशि जमा हुई है, जो इस मामले को प्रदेश के सबसे बड़े आर्थिक घोटालों में शामिल कर रहा है। जिलावार आंकड़ों में सबसे अधिक ठगी जिला ऊना में हुई। यहां से 70,70,20,000 रुपये जमा कराए गए। इसके अलावा सिरमौर से 11.86 करोड़, कांगड़ा से 8.50 करोड़, शिमला से 5 करोड़, सोलन से 3.77 करोड़, बिलासपुर से 2 करोड़ और मंडी से 78 लाख रुपये की राशि एकत्र हुई। यह आंकड़े केवल हिमाचल प्रदेश के हैं, जबकि जांच अभी जारी है। बताया गया है कि एजेंट गांव-गांव, पंचायत स्तर, कस्बों और शहरों में सक्रिय थे। उन्होंने लोगों को एफडी, आरडी, डिपाजिट स्कीम और अन्य निवेश योजनाओं के नाम पर जोड़ा। 37 केंद्रों के माध्यम से एक संगठित नेटवर्क तैयार किया गया, जिसमें स्थानीय बैठकों, प्रचार और भरोसे के जरिए निवेशकों को उच्च रिटर्न का लालच दिया जाता था। कई मामलों में बुजुर्ग, कर्मचारी, छोटे व्यापारी और ग्रामीण परिवार इस नेटवर्क के शिकार बने।

# नशे के खिलाफ जन आंदोलन, लोग सड़कों पर उतरे

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर चिंता गहराती जा रही है। पड़ोसी राज्यों से सटे जिलों के बाद अब राजधानी शिमला में भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले बढ़ने लगे हैं। खासकर ठियोग क्षेत्र में नशे के प्रसार को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इसी के चलते जागरूक युवा मंच ठियोग के आह्वान पर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और नशे के खिलाफ जन संकल्प रैली निकाली।

युवा मंच की ओर से आयोजित सभा में स्पष्ट संदेश दिया गया कि युवाओं के भविष्य से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष अरुण चंदेल ने कहा कि क्षेत्र में नशे का जाल तेजी से फैल रहा है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है और गांवों की सामाजिक शांति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कई परिवार नशे की वजह से बिखर चुके हैं, जबकि कई घरों में भय और असुरक्षा का माहौल है।



आंदोलन को विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय कलाकारों का भी समर्थन मिला। आयोजकों ने इसे किसी एक संगठन का कार्यक्रम न बताते हुए जन-जन का अभियान करार दिया। उनका कहना है कि यह लड़ाई समाज के अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा के लिए है।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और सरकार से मांग की कि चिट्टे सहित अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने मामलों की त्वरित जांच, फास्ट ट्रैक अदालतों में सुनवाई और दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ाने तथा खुफिया तंत्र को मजबूत करने की भी अपील की गई।

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि नशे के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

परियोजना

## 15 स्टेशनों को जोड़ने वाली मेगा रोपवे योजना अटकी

# तारादेवी–शिमला रोपवे परियोजना केंद्र को भेजी गई

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में तारादेवी से शिमला तक प्रस्तावित 13.79 किलोमीटर लंबे रोपवे निर्माण परियोजना का मामला पुनः केंद्र सरकार को भेजा गया है। परियोजना की कुल लागत में वृद्धि के कारण राज्य सरकार ने वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों विभाग को मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। हालांकि राज्य सरकार को अपनी हिस्सेदारी और वित्तीय भार की चिंता भी सता रही है।

हिमाचल कैडर की आईएएस अधिकारी अनुराधा ठाकुर इस परियोजना की सचिव हैं। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे विस्तृत चर्चा की है। मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकार को संशोधित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन राष्ट्रीय विकास बैंक को भेजना होगा। बैंक की स्वीकृति



मिलने के बाद ही परियोजना को अंतिम अनुमति मिल सकेगी।

प्रारंभ में इस परियोजना की लागत 1734 करोड़ रुपये निर्धारित की गई थी, जो अब बढ़कर 2296 करोड़ रुपये हो गई है। इस बैंक पोषित परियोजना में राज्य सरकार की हिस्सेदारी 20% है। पहले यह राशि 346.80 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 459.2 करोड़ रुपये हो गई है। प्रदेश की वित्तीय स्थिति वर्तमान में चिंताजनक बनी हुई है। केंद्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान समाप्त किए जाने के बाद राज्य पर आर्थिक दबाव और बढ़ गया है। ऐसे में यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या राज्य सरकार अपनी 459.2 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी वहन कर पाएगी।

पिछले 3 वर्षों से कई अधिकारी इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। राष्ट्रीय विकास बैंक के साथ कई दौर की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं और निर्माण से संबंधित आवश्यक स्वीकृतियां भी प्राप्त हो चुकी हैं। अधिकारियों का मानना है कि यदि कार्य में और देरी हुई तो लागत में और वृद्धि हो सकती है।

तारादेवी से शिमला के बीच बनने वाले इस रोपवे की लंबाई 13.79 किलोमीटर होगी। यह परियोजना शिमला शहर के 15 स्टेशनों को जोड़ेगी। निर्माण कार्य संभालने वाली कंपनी अगले 5 वर्षों तक इसकी देखरेख और मरम्मत का दायित्व भी निभाएगी। रोपवे के माध्यम से यात्री मात्र 12 से 15 मिनट में पूरी दूरी तय कर सकेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन आर. डी. नजीम ने बताया कि लागत में वृद्धि के कारण विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन को संशोधित कर केंद्र सरकार को भेजा गया है। केंद्र से स्वीकृति मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

# भाजपा का वैचारिक मंथनः जयराम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के श्रेय पर सुक्खू सरकार को घेरा

समर न्यूज़ | मंडी/सुंदरनगर

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुंदरनगर स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के अंतर्गत मंडी संसदीय क्षेत्र की कार्यशाला को संबोधित करते हुए पार्टी की वैचारिक जड़ों को सींचने और संगठनात्मक मजबूती का आह्वान किया, जहाँ उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन केवल अपनी संख्या के कारण नहीं, बल्कि अपने अडिग वैचारिक अधिष्ठान और निस्वार्थ भाव से समर्पित करोड़ों कार्यकर्ताओं की बदौलत है। इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में जयराम ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद'



के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा का मूल लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उदय करना है और जब तक विकास की किरण हर गरीब की दहलीज तक नहीं पहुँचती, तब तक संगठन का कार्य पूर्ण नहीं माना जा सकता। कार्यशाला के दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, बूथ प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और जनसेवा के प्रति कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श किया, जिसे उन्होंने आगामी चुनावों और सांगठनिक विस्तार के लिए एक मील का पत्थर बताया। इस वैचारिक सत्र में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह-प्रभारी डॉ. संजय टंडन और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित कई दिग्गज नेताओं की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं।

बाद में मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का श्रेय लूटने की राजनीति कर रही है। विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चलाए जा रहे 'ह्यूमन पैपिलोमा वायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को गंभीर बीमारी से बचाने वाला यह अभियान पूर्णतः केंद्र सरकार की योजना है, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है, परंतु राज्य सरकार अपने विज्ञापनों में केंद्र के योगदान का नाम तक नहीं ले रही है।

# हरियाणा सचिवालय की छठी मंजिल से कूदकर अधिकारी ने की आत्महत्या

## स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी गणेश दास अरोड़ा की मौत, 15 दिन पहले भी किया था प्रयास

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

स्थित हरियाणा सचिवालय की छठी मंजिल से कूदकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गणेश दास अरोड़ा के रूप में हुई है। वह आईएएस अधिकारी हितेश कुमार मीणा के स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार, इससे पहले वह आईएएस आदित्य के साथ कार्य कर चुके थे। कुछ समय पहले ही उन्हें हितेश कुमार मीणा के पास नियुक्त किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सेक्टर-16 स्थित सिविल अस्पताल भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि 9 फरवरी को भी उन्होंने छत से कूदने की कोशिश की थी, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें रोक लिया था।



अधिकारी को अस्पताल में लेकर जाते हुए। - समर न्यूज़

सचिवालय के कर्मचारियों के अनुसार हाल ही में अरोड़ा का स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी पद पर प्रमोशन हुआ था, जिसके चलते उनकी ब्रांच बदल गई थी। बताया जा रहा है कि इस बदलाव से वह नाराज थे। इसी वर्ष अक्टूबर में उनका सेवानिवृत्ति होना था। उनकी पत्नी उमा अरोड़ा गवर्नर हाउस में तैनात हैं। घटना को लेकर उनकी ओर से फिलहाल कोई बयान सामने नहीं आया है।

### काम करते-करते अचानक उठे और लगा दी छलांग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 9 फरवरी की घटना के बाद गणेश अरोड़ा छुट्टी पर थे और बुधवार को ही ड्यूटी पर लौटे थे। वह अपने कार्यालय में सामान्य रूप से काम कर रहे थे। दोपहर 12 बजकर 24 मिनट पर अचानक कुर्सी से उठे और बिना किसी को कुछ बताए छठी मंजिल से छलांग लगा दी। सचिवालय में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। उन्हें सेक्टर-16 के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। सचिवालय से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि करीब 15 दिन पहले भी गणेश अरोड़ा ने इसी तरह आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन सहकर्मियों ने समय रहते उन्हें बचा लिया था। बुधवार को छलांग लगाने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

गणेश अरोड़ा से पहले भी इस बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की घटना सामने आ चुकी है। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले कृषि विभाग के एक कर्मचारी ने भी इसी इमारत से कूदकर जान दे दी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। सहकर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हितेश कुमार मीणा वर्ष 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) में अतिरिक्त सचिव के साथ हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दायित्व भी संभाल रहे हैं। वह मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं।

# चंडीगढ़ में बेकाबू थार की टक्कर से दो शिक्षकों की हुई मौत

## रेड सिग्नल पर रुकी बाइक को मारी टक्कर, आरोपी चालक गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

तेज रफ्तार काली थार ने रेड सिग्नल पर खड़ी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो शिक्षकों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, हालांकि पुलिस ने बाद में आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी काजी अब्दुल सुभान (42) और काजी गुलशेर (50) किसी कार्य से बाइक पर चंडीगढ़ आए थे। देर रात दोनों मनीमाजरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लाइट प्वाइंट पर रेड सिग्नल होने के कारण रुके हुए थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार थार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही दोनों हवा में उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर



मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों के अनुसार, उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं।

### काम निपटाकर लौट रहे थे

परिजनों के मुताबिक, अब्दुल सुभान सहारनपुर में एक मदरसे में शिक्षक थे और गरीब बच्चों को पढ़ाते थे। वह अपने साथी गुलशेर के साथ चंडीगढ़ किसी कार्य से आए थे। काम पूरा करने के बाद दोनों वापस उत्तर प्रदेश लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

परिवार के सदस्य मोहम्मद फरमान ने आरोप लगाया कि थार चालक एक पुलिसकर्मी का बेटा है, इसलिए उसे बचाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिवार के अनुसार, अब्दुल सुभान अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं, जबकि गुलशेर भी अपने परिवार के कमाने वाले सदस्य थे। थाना मनीमाजरा प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी चालक अरमान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तीन साल से अधिक समय से जमे अधिकारियों पर विजिलेंस की नजर

## संवेदनशील और पब्लिक डीलिंग पदों पर तैनात

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में प्रशासनिक हलकों में इन दिनों हलचल तेज है। विजिलेंस विभाग उन अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार कर रहा है जो पब्लिक डीलिंग और संवेदनशील पदों पर तीन साल से अधिक समय से कार्यरत हैं। माना जा रहा है कि ऐसे अधिकारियों के तबादले किए जा सकते हैं, जो लंबे समय से एक ही सीट पर जमे हुए हैं। सबसे ज्यादा चर्चा बुडैल जेल में तैनात एआईजी और साथ ही सोशल वेलफेयर विभाग का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहीं पालिका अरोड़ा को लेकर हो रही है। वह वर्ष 2022 से इन पदों पर कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार वह पंजाब से डेपुटेशन पर चंडीगढ़ आई थीं और पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से दोनों महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। हाल ही में चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया था कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार किसी भी कर्मचारी या अधिकारी को तीन साल से अधिक समय तक पब्लिक डीलिंग पोस्ट पर तैनात नहीं रखा जा सकता। ऐसे मामलों की जानकारी तत्काल मुख्य सचिव कार्यालय को देने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके साथ ही संवेदनशील पदों पर समय-समय पर रोटेशन को अनिवार्य बताया गया है। सोशल वेलफेयर विभाग के तहत बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की पेंशन में देरी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यह मुद्दा सार्वजनिक मंचों पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल बसों की जांच की

## जांच के दौरान बसों में सुरक्षा उपकरणों की जांच की

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हांस और पुलिस कप्तान ट्रैफिक नवनीत सिंह माहल के निर्देशों पर सेफ स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर स्कूल बसों की विशेष जांच की गई। यह अभियान डीएसपी ट्रैफिक करनेल सिंह की अगुवाई में चलाया गया। जांच के दौरान बसों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशामक सिलेंडर, फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई। जिन बसों में खामियां पाई गईं, उनके खिलाफ ट्रैफिक नियमों के तहत कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने ड्राइवरों को निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। साथ




ट्रैफिक पुलिस वाहनों के कागज चेक करती हुई। - समर न्यूज़

ही विद्यार्थियों को भी जागरूक करते हुए कहा गया कि यदि चालक ओवरस्पीड या गलत दिशा में बस चलाए तो इसकी सूचना तुरंत स्कूल प्रशासन को दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# भगोड़े घोषित अपराधी को पुलिस ने पकड़ा

समर न्यूज़ | पंचकूला

पुलिस की पीओ स्टाफ की टीम ने पिछले 9 वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंक रहे एक भगोड़े अपराधी को हिमाचल प्रदेश से दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लेखराज कुंडल, निवासी जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पीओ स्टाफ के इंचार्ज वीरेंद्र नैन ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी लेखराज के खिलाफ चेक बाउंस के तीन अलग-अलग मामले विचाराधीन थे। अदालती कार्यवाही के दौरान निर्धारित तिथियों पर उपस्थित न होने और लगातार फरार रहने के कारण अदालत ने उसे वर्ष 2017 में भगोड़ा घोषित किया था। इसके अतिरिक्त पुलिस और कोर्ट को चकमा देने के चलते उसके खिलाफ थाना सेक्टर-7 में दो अन्य मुकदमे भी दर्ज किए गए थे।

# आईटीबीपी जवानों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर शुरू



समर न्यूज़ | पंचकूला

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र भानु में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा योग आयोग और प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रथम दिवस सुबह कालीन योग सत्र का संचालन आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि सीमाओं की रक्षा में तैनात जवानों के लिए शारीरिक सुदृढ़ता के साथ मानसिक संतुलन भी अत्यंत आवश्यक है। बर्फीले तूफान, हिमस्खलन और शून्य से नीचे तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में डटे जवानों के लिए योग मानसिक स्थिरता और भावनात्मक मजबूती प्रदान करता है। सत्र की शुरुआत मंत्रोच्चार और सूक्ष्म व्यायाम से हुई, जिसके बाद सूर्य नमस्कार के सात प्रमुख आसनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षुओं को प्रत्येक आसन की विधि और लाभों की जानकारी दी गई।

# बरनाला में 28 फरवरी को केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ होगी रैली: दीपिंदर ढिल्लों




समर न्यूज़ | डेराबस्सी

जसबीर सिंहबरनाला में 28 फरवरी को होने वाली कांग्रेस पार्टी की विशाल रैली की तैयारियों के संबंध में डेराबस्सी हलका इंचार्ज दीपिंदर सिंह ढिल्लों द्वारा बुधवार को एक प्रभावशाली बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में मोहाली जिला रैली इंचार्ज मनजीत सिंह, रैली ऑब्जर्वर राकेश गुप्ता और जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा ने विशेष तौर पर शिरकत की। बैठक के दौरान रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गईं। जानकारी देते हुए ढिल्लों ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 28 फरवरी को बरनाला रैली में विशेष तौर पर पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हलका डेराबस्सी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक रैली में शामिल होकर पार्टी की एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। अपने संबोधन के दौरान ढिल्लों ने कहा कि यह रैली महज एक राजनीतिक इकट्ठा नहीं है, बल्कि लोगों के अधिकारों की आवाज है और राहुल गांधी की उपस्थिति इसे ऐतिहासिक बनाएगी। उन्होंने मनरेगा योजना के बारे में बोलते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण परिवारों को साल में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी, जो गरीब और मजदूर वर्ग के लिए जीवन रेखा साबित हुई है।

ढिल्लों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा बजट में कटौती, भुगतानों में देरी और नए नियमों के माध्यम से मनरेगा की प्रभावशीलता घटाई जा रही है, जिससे गांवों के मजदूर वर्ग को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान मनरेगा की मजबूती, समय पर भुगतान और गांवों में रोजगार बढ़ाने की मांग उठाई जाएगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा किसानी को खत्म करने के लिए अमेरिका के साथ किए गए समझौतों, जिससे खेती संकट में आएगी और बेरोजगारी व महंगाई बढ़ेगी, जैसे मुद्दे भी रैली में प्रमुखता से चर्चा में रहेंगे।

# विधायक कुलवंत सिंह बीसी विंग के बने कोऑर्डिनेटर



जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

चुनाव क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने गांव सीतारपुर के एक्टिव सोशल वर्कर और पार्टी वर्कर कुलवंत सिंह को डेराबस्सी चुनाव क्षेत्र के बीसी विंग के चुनाव क्षेत्र के कोऑर्डिनेटर के तौर पर नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एमएलए रंधावा ने कहा कि पार्टी हमेशा समाज के हर वर्ग को सही रिप्रेजेंटेशन देने के लिए कमिटेड रही है और यह नियुक्ति बीसी कम्युनिटी को एक मजबूत आवाज देने के लिए एक जरूरी कदम है। उन्होंने कहा कि कुलवंत सिंह पार्टी के मेहनती, ईमानदार और जमीनी स्तर के वर्कर हैं, जो लंबे समय से लोगों की सेवा कर रहे हैं। विधायक रंधावा ने उम्मीद जताई कि नई ज़िम्मेदारी के साथ कुलवंत सिंह बीसी कम्युनिटी के मुद्दों को सरकार और संगठन तक अच्छे से पहुंचाएंगे और पार्टी की लोगों के हक की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है और इस नियुक्ति से इलाके में संगठनात्मक ढांचा और मजबूत होगा।

## पुलिस ने ऑटो चालकों की मनमानी के चलते सख्ती अपनाई

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का एक्शन

समर न्यूज़ | पिंजौर

पिंजौर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और अवैध पार्किंग के कारण लगने वाले जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए पंचकूला पुलिस ने ऑटो चालकों की मनमानी के चलते सख्ती अपनाई है। पिछले कुछ समय से स्थानीय निवासियों और राहगीरों द्वारा पिंजौर क्षेत्र में ऑटो चालकों द्वारा नियमों के उल्लंघन और अव्यवस्थित ड्राइविंग की शिकायतें मिल रही थीं, जिसका संज्ञान लेते हुए सूरजपुर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की।

इसी कड़ी में आज सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 7 ऑटो चालकों के चालान काटे गए, जबकि एक ऑटो को



ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों से बात करती हुई। - समर न्यूज़

मौके पर ही जब्त कर लिया गया। अभियान के दौरान एसएचओ अभिषेक ने स्वयं ऑटो चालकों को हिदायत दी कि वे निर्धारित स्टैंड पर ही वाहन खड़े करें और बीच सड़क पर सवारियां बैठाकर यातायात को बाधित न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों पर कहीं भी अचानक ऑटो रोकने से न केवल जाम लगता है, बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है।

एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि इस वर्ष के अभी दो माह भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन पंचकूला पुलिस अब तक 202 ऐसे ऑटो चालकों के चालान कर चुकी है जो अवैध पार्किंग, बिना नंबर प्लेट, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

आयोजन

## मुख्य अतिथि अरुण ग्रोवर और प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने सराही विद्यार्थियों की प्रतिभाएं

# तालियों की गूंज के बीच सुरंजनी उत्सव का रंगारंग समापन

समर न्यूज़ | पंचकूला

सेक्टर–1 स्थित गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज सेक्टर -1 में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव सुरंजनी का दूसरा दिन अत्यंत उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन अवसर पर संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। शहर के प्रसिद्ध उद्यमी अरुण ग्रोवर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।




संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मंच युवाओं को अभिव्यक्ति, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास के सशक्त अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी तथा प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास और उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

उत्सव की सफलता का श्रेय कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा के मार्गदर्शन एवं सशक्त नेतृत्व को जाता है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी विभागों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुरंजनी विद्यार्थियों की सृजनात्मक ऊर्जा, सांस्कृतिक चेतना और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम की साज-सज्जा एवं समग्र व्यवस्थाएँ डॉ. अंशुल कपिल के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुईं। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार तथा अंग्रेज़ी विभाग की प्राध्यापिका हरप्रीत कौर का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। संगीत प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नितिन, शुभम तथा डॉ गुरप्रीत कौर शामिल रहे। निष्पक्ष मूल्यांकन के उपरांत समूहगान प्रतियोगिता में अजीत की टीम प्रथम, करण की टीम एवं मूर्ति द्वितीय स्थान पर रहे। एकल गायन में प्रभा प्रथम, ईशांत द्वितीय तथा सुमित तृतीय स्थान पर रहे। समूह नृत्य प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. दविंदर कौर, अंजु राणा परियोजना अधिकारी तथा रेनू राव द्वारा किया गया। परिणामस्वरूप प्रिया प्रथम, खुशबू द्वितीय तथा ओजस्वी तृतीय स्थान पर रहीं। काव्य-पाठ प्रतियोगिता में सौरव को प्रथम, खुशी मलिक एवं अनुसूया को संयुक्त द्वितीय तथा दिव्यम को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।

समर एक्सप्रेस
www.summerexpress.in
इन सभी क्षेत्रों में समर एक्सप्रेस अखबार को स्टिंगर की जरूरत है।
• लालड़ू • मोरनी • कुराली
• खरड़ • बरवाला • मुल्लांपुर
• पिंजौर • बनूड़ • मटौर
• कालका • रायपुररानी
SEND YOUR RESUME TO
infosummerexpress@gmail.com
Whats App:- 79866-30191

# नेट रन रेट सुधारने के लिए भारत के सामने बड़ा चैलेंज

एजेंसी । नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 स्टेज में टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है अब भारत को सिर्फ जीत नहीं बल्कि नेट रन रेट पर भी काम करना होगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम इंडिया के सामना बड़ा चैलेंज होगा।
टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 स्टेज में भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल की राह अब काफी मुश्किल हो चुकी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली 76 रनों की करारी हार ने टीम इंडिया के नेट रन रेट को -3।800 तक पहुंचा दिया है। ग्रुप 1 में अब भारत के सामने जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अहम मुकाबले बचे हैं। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम को इन दोनों मैच जीतने के साथ-साथ NRR में भारी सुधार करना होगा, क्योंकि बराबर पॉइंट्स की स्थिति में NRR ही अहम भूमिका निभाएगा। टीम इंडिया का अगला मुकाबला जिम्बाब्वे के खिलाफ है। इस मैच में भारत की पूरी रणनीति NRR को नेगेटिव से पॉजिटिव जोन में लाने पर होगी।
टीम इंडिया के सामने बड़ा चैलेंज
टीम इंडिया को जिम्बाब्वे के खिलाफ एक बड़ी जीत के साथ-साथ रन रेट में जबरदस्त अंतर पैदा करना जरूरी होगा। अगर भारत इस मैच में पहले गेंदबाजी चुनता है, तो जिम्बाब्वे को कम स्कोर पर रोकना होगा और टारगेट को बहुत तेजी से हासिल करना होगा। टारगेट जितना छोटा होगा, उतनी जल्दी चेज करने की जरूरत कम होगी, लेकिन फिर भी काफी आक्रामक बल्लेबाजी जरूरी रहेगी।

**कितने रन का टारगेट कितने ओवर में करना होगा चेज**



अगर जिम्बाब्वे सिर्फ 90 रन बनाती है, तो भारत को यह टारगेट सिर्फ 9 ओवर के अंदर हासिल करना होगा। इतने तेज चेज से NRR में बड़ा उछाल आ सकता है और नेगेटिव से पॉजिटिव में जाने की संभावना मजबूत होगी। लेकिन टारगेट 150 रन तक पहुंचता है, तो टीम इंडिया को 11 ओवर के अंदर जीत दर्ज करनी होगी। यह भी काफी मुश्किल होगा, लेकिन संभव है अगर टॉप ऑर्डर विस्फोटक शुरुआत दे।
इस स्थिति में भी भारतीय टीम का नेट रन रेट नेगेटिव से पॉजिटिव में आ जाएगा। अगर जिम्बाब्वे 180 से 200 रन के बीच स्कोर बनाती है, तो भारत को 12 से 15 ओवर के बीच मैच खत्म करना होगा। इससे NRR में सुधार तो होगा, लेकिन पॉजिटिव में लाने के लिए अभी भी काफी मेहनत बाकी रहेगी। यानी टारगेट जितना बड़ा होगा रिक्वायर्ड रन रेट भी उतनी ही ज्यादा होगी।

**पहले बल्लेबाजी करने पर क्या करना होगा**

टीम इंडिया अगर पहले बल्लेबाजी करती है तो नेट रन रेट को नेगेटिव से पॉजिटिव में लाना थोड़ा मुश्किल हो जाएगा। भारत को पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 ये 250+ रन तक बनाने पड़ेंगे। इसके बाद सामने वाली टीम को 100-120 या उससे कम पर रोकना भी होगा। अगर वह सामने वाली टीम को ऑलआउट कर देती है तो ओवर भी ज्यादा फायदा होगा, क्योंकि ऑलआउट करने पर नेट रन रेट में ज्यादा फायदा होता है। टीम इंडिया खुद पहले मैच में ऑलआउट हुई थी, जिसके चलते ही उसका नेट रन रेट इतना खराब हुआ है।

# मनोज तिवारी के गाने ने मचाई धूम

एजेंसी । मुंबई

भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और गायक मनोज तिवारी इस बार होली पर एक गाना लेकर आए हैं। उनका होली सॉन्ग 'होलरिया' यूट्यूब पर काफी संद किया जा रहा है। राजनीति से भी ताल्लुक रखने वाले मनोज तिवारी ने इस गाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित और भी राजनेताओं का जिक्र किया है। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ मनोज तिवारी ने फैंस का दिल अपनी आवाज से भी जीता है। एक से बढ़कर एक गानों को अपनी आवाज दे चुके मनोज फिलहाल 'होलरिया' गाने से धूम मचा रहे हैं। होली के गाने में राजनीति का रंग घोलकर मनोज ने इस गाने को और मजेदार बना दिया है। इसके अलावा उन्होंने गाने में भोजपुरी सिने जगत के कुछ दिग्गज कलाकारों का जिक्र भी किया है। 11 लाख से ज्यादा व्यूज मिले इस गाने को मनोज तिवारी ने न सिर्फ गाया है, बल्कि इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। वहीं इसका म्यूजिक भी उन्होंने ही तैयार किया है। गाने में उनका साथ दे रही हैं प्राची तहलान। ये गाना Mridul Music चैनल पर 5 दिन पहले अपलोड किया गया था और इसे अब तक 11 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वहीं 52 हजार लोगों ने इसे लाइक किया है और 3900 कमेंट्स अब तक आ चुके हैं। पीएम मोदी सहित कई राजनेताओं का जिक्र मनोज तिवारी के साथ गाने में कई आर्टिस्ट नजर आ रहे हैं। किसी ने पीएम मोदी का मुखौटा लगा रखा है, तो किसी ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का तो किसी ने राहुल गांधी और दिल्ली के पूर्व CM अरविंद केजरीवाल का। गाने में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का भी जिक्र है। इसके अलावा उन्होंने लालू प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव जैसे नेताओं पर मजाकिया अंदाज में कटाक्ष भी किया है।

# होलाष्टक के 8 दिन भारी, सिद्धि के लिए फलदायी

समर न्यूज | मोहाली

सनातन परंपरा में फाल्गुन मास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तिथि के 8 दिनों को होलाष्टक के रूप में जाना जाता है। इस साल होलाष्टक की शुरुआत 24 फरवरी से हो गई है और यह 3 मार्च तक रहेगा। होलाष्टक के इन आठ दिनों को सनातन परंपरा में कुछेक कार्यों के लिए शुभ तो कुछेक कार्यों की सिद्धि के लिए फलदायी माना गया है। आइए विस्तार से जानते हैं कि होलाष्टक के आठ दिनों तक आखिर हमें क्या करना और क्या नहीं करना चाहिए।

**होलाष्टक के 8 दिनों में क्या करें**



हिंदू मान्यता के अनुसार होलाष्टक के 8 दिनों में जगत के पालनहार माने जाने वाले भगवान श्री विष्णु की विधि-विधान से पूजा और उनके मंत्रों का जप करना चाहिए। मान्यता है जिस प्रकार भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रह्लाद के सभी संकटों को दूर किया था, उसी प्रकार श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा करने पर आपके कष्ट दूर करके कामनाओं को पूरा करेंगे। यदि आप आर्थिक दिक्कतों के कारण परेशान चल रहे हैं तो आपको होलाष्टक के आठ दिनों में भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा करते हुए प्रतिदिन श्रीसूक्त व ऋण मोचन मंगल स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। होलाष्टक में होलिका दहन वाले दिन शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से उसकी पूजा करनी चाहिए। मान्यता है कि होलिका पूजन करने पर जीवन की सारी व्याधियां, नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यदि आप भगवान भोलेनाथ के उपासक हैं और किसी रोग-दोष या किसी समस्या के चलते परेशान चल रहे हैं तो होलाष्टक के दौरान देवों के देव महादेव की विशेष साधना करते हुए पूरे आठ दिनों तक विशेष रूप से रुद्राष्टकं का पाठ और महामृत्युंजय मंत्र का जप करना चाहिए। होलाष्टक के दौरान शिव पूजा का यह उपाय सभी संकटों से उबार कर सभी कामनाओं को पूरा करने वाला माना गया है।
होलाष्टक के दौरान नृसिंह भगवान या फिर भगवान श्रीकृष्ण के मंत्र का प्रतिदिन जप करें। मान्यता है कि इन 8 दिनों तक जो व्यक्ति भगवान श्री कृष्ण की विधि-विधान से पूजा करते हुए अबीर-गुलाल अर्पित करता है, उसे सभी प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार होलाष्टक आठ दिनों में व्यक्ति को किसी भी प्रकार मांगलिक कार्य जैसे - शादी, सगाई, तिलक, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ, आदि नहीं करना चाहिए अन्यथा उसमें बाधाओं के साथ अशुभ फल प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार होलाष्टक के दौरान व्यक्ति को दुख और दुर्भाग्य से बचने के लिए भूलकर भी बाल या नाखून नहीं काटना चाहिए। होलाष्ट के दौरान किसी के साथ वाद-विवाद न करें और निगेटिव लोगों से दूरी बनाए रखें। तमाम तरह नियमों के साथ खान-पान में भी कुछेक सावधानी रखने की आवश्यकता होती है। होलाष्टक के दौरान व्यक्ति को भूलकर भी तामसिक चीजों जैसी मांस-मदिरा का सेवन न करें।

# 16 कट के बाद द केरल स्टोरी 2 को मंजूरी

एजेंसी । मुंबई



द केरल स्टोरी 2 को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई हैं। लेकिन सेंसर बोर्ड ने इसे U/A 16+ सर्टिफिकेट दे दिया है। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने फिल्म में करीब 16 कट या बदलाव करने को कहा था। फिल्म के कई सीन्स पर कैंची चली है। किसिंग और रेप वाले सीन 50% तक कम किए गए। एक लिप-लॉक सीन को 7 सेकंड छोटा करने को कहा गया, जबकि रेप वाले सीन 20 सेकंड घटाए गए। एक सीन में जहां एक महिला को थप्पड़ मारा जा रहा है।
और दूसरे सीन में जहां महिला के सिर पर वार किया जा रहा है, दोनों को 2-2 सेकंड कम किया गया। जिस सीन में आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराते हुए दिखाया गया था, उसमें भी बदलाव करने को कहा गया। तीन डायलॉग बदलने को कहा गया और एक शब्द को म्यूट करने के ऑर्डर दिए गए।
कट और बदलाव के अलावा मेकर्स से कहा गया कि वो एक डिस्क्लेमर जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि द केरल स्टोरी 2 सच्ची घटनाओं पर आधारित है। साथ ही, डिस्क्लेमर को 2 मिनट 3 सेकंड ज्यादा समय तक स्क्रीन पर दिखाने और उसके साथ वॉइस-ओवर जोड़ने को भी कहा गया।
इसके अलावा, फिल्म की पूरी स्क्रिप्ट (डायलॉग्स सहित) जमा करने की हिदायत दी गई है। साथ ही ये साबित करने के लिए सही दस्तावेज देने को कहा गया कि कहानी असली घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में एक नाबालिग कलाकार को कास्ट करने के लिए भी CBFC को सहमति पत्र दिया गया। सभी बदलाव पूरे होने के बाद 16 फरवरी को फिल्म को सर्टिफिकेट दे दिया गया। फिल्म की कुल लंबाई 131 मिनट 24 सेकंड है, यानी 2 घंटे 11 मिनट 24 सेकंड की है। द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# सॉफ्टवेयर डेवलपर्स वालों से ज्यादा कमाई ट्रक ड्राइवर की

एजेंसी | नई दिल्ली

आजकल कई डिग्री होल्डर युवाओं को अच्छी पढ़ाई करने के बाद भी मनचाही नौकरी नहीं मिल रही है और कम सैलरी में गुजारा करना पड़ रहा है। ऐसे में दिल्ली के एक कारोबारी का दावा लोगों को चौंका रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी का एक ट्रक ड्राइवर पढ़े-लिखे सॉफ्टवेयर डेवलपर्स से ज्यादा कमाई कर रहा है। इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर तेज बहस शुरू हो गई है। उनका कहना है कि उनके कंपनी के कुछ ट्रक ड्राइवर सॉफ्टवेयर डेवलपर्स से ज्यादा पैसे बचा लेते हैं। यह पोस्ट बिजनेसमैन दमन सिंह ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। दमन सिंह के मुताबिक बड़े शहरों में नए आईटी ग्रेजुएट की शुरुआती सैलरी करीब



40,000 होती है। इसमें से किराया, टैक्स और खाने-पीने जैसे खर्चों में ज्यादातर पैसा खर्च हो जाता है। महीने के अंत में उनके पास सिर्फ 5,000 के आसपास बचता है। वहीं उनका दावा है कि कुशल ट्रक ड्राइवर 45,000 से 55,000 तक कमा लेते हैं। उन्हें किराया या टैक्स जैसे खर्च कम देने पड़ते हैं। इसलिए वे ज्यादा बचत कर पाते हैं और गांव में घर भी बना लेते हैं। उन्होंने लोगों से मजदूर वर्ग के काम का सम्मान करने और "कौशल को अहमियत देने" की बात कही। सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग राय देखने को मिली। कुछ लोगों ने कहा कि मेहनत करने वाले ट्रक ड्राइवर अच्छी कमाई करते हैं।वहीं कई लोगों ने कहा कि ट्रक चलाना बहुत मुश्किल काम है और ज्यादा कमाई का मतलब आसान जिंदगी नहीं होता। कुछ यूजर्स ने उनके दावे पर सवाल भी उठाए। उनके प्रोफाइल के अनुसार- उन्होंने Birla Institute of Technology and Science, Pilani से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और Faculty of Management Studies, University of Delhi से MBA किया है। फिलहाल वे अपने परिवार का लॉजिस्टिक बिजनेस संभालते हैं और इससे जुड़े वीडियो शेयर करते रहते हैं।

दौसा फुटबॉल टूर्नामेंट : रोमांचक मुकाबलों में गढ़वाल डायमंड और दीपक क्लब जीते

# दिल्ली के यशराज और करनाल के डेंग का जलवा

एजेंसी । दौसा

"एक जिला, एक खेल" अभियान के तहत आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमता, बल्कि उच्च खेल भावना और अनुशासन का भी परिचय दिया। मैदान पर खेले गए दो प्रमुख मैचों में दर्शकों को अंत तक रोमांच का अनुभव हुआ। मैच 1: गढ़वाल डायमंड क्लब बनाम एक्वा क्लब रांची दिल्ली के गढ़वाल डायमंड क्लब और रांची (झारखंड) के एक्वा क्लब के बीच खेला गया मुकाबला बेहद कड़ा रहा।
मैच का टर्निंग पॉइंटः खेल के 80 मिनट तक दोनों टीमें एक-दूसरे के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहीं। लेकिन 81वें मिनट में दिल्ली के जर्सी नंबर 6 यशराज ने शानदार गोल कर टीम का खाता खोला।
जीत की मुहरः 86वें मिनट में जर्सी



नंबर 18 पारस ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया और दिल्ली की जीत पक्की कर दी।
मैन ऑफ द मैचः हार के बावजूद रांची के जर्सी नंबर 3 रोहन को उनके बेहतरीन खेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। अतिथिः डॉ. आर.के मीणा, राजकुमार जायसवाल, पंडित राधेश्याम शर्मा और अरुण शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मैच 2: दीपक क्लब करनाल बनाम DFA दौसा
दूसरे मैच में करनाल की टीम ने मेजबान दौसा पर गोलों की बरसात कर दी।
संघर्षपूर्ण शुरुआतः हाफ-टाइम तक स्कोर 0-0 रहा। इसके बाद करनाल के अम्मा मनयून ने पहला गोल कर बढ़त दिलाई। दौसा के नवीन ने 64वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया।
करनाल का दबदबाः इसके बाद करनाल के खिलाड़ियों (सिल्वा, डेंग और जोश्या) ने एक के बाद एक गोल दागने शुरू किए। जर्सी नंबर 5 डेंग ने दो गोल कर टीम को 5-1 के विशाल अंतर से जीत दिलाई।
मैन ऑफ द मैचः दो गोल दागने वाले करनाल के खिलाड़ी डेंग को 'मैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

# बरसाना की लठमार होलीः परंपरा, रंग और भक्ति का संगम

## यहां महिलाएं प्रतीकात्मक रूप से पुरुषों पर लाठियां बरसाती हैं और पुरुष ढाल लेकर खुद को बचाते हैं

समर न्यूज । नई दिल्ली

होली का नाम आते ही ज़हन में सबसे पहले मथुरा-वृंदावन की लठमार और फूलों वाली होली की तस्वीर ही आती है। राधा-कृष्ण की नगरी में रंगों का जो आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संगम दिखता है, वह वाकई अनोखा होता है। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग भी आते हैं। कुछ लोग तो हर साल मथुरा की इन होली का जश्न मनाने जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ मथुरा और वृंदावन में ही नहीं बल्कि देश के कई हिस्सों में होली का एक अलग ही जश्न देखने को मिलता है। इन जगहों पर अलग-अलग तरह से होली सेलिब्रेट की जाती है, जो वाकई देखने लायक होती है। होली सिर्फ रंग लगाने का त्योहार नहीं, बल्कि यह दिलों से दूरियां मिटाने, बीते गिले-शिकवे भूल जाने और रिश्तों में नई मिठास घोलने का एक मौका होता है। अलग-अलग राज्यों और शहरों में य उत्सव अलग रंग-रूप में देखने



को मिलता है। कहीं सूखे गुलाल की खुशबू में, कहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज, तो कहीं पारंपरिक व्यंजनों और लोककथाओं का स्वाद। चलिए इस आर्टिकल में जानते हैं ऐसी ही 5 जगहें जहां की होली एक बार तो आपको जरूर एक्सपीरियंस करनी चाहिए। बरसाना की लट्ठ मार होली
बरसाना की होली दुनियाभर में लठमार होली के नाम से मशहूर है। यहां महिलाएं प्रतीकात्मक रूप से पुरुषों पर लाठियां बरसाती हैं और पुरुष ढाल लेकर खुद को बचाते हैं। यह परंपरा राधा-कृष्ण की लीलाओं से जुड़ी मानी जाती है। रंग और भक्ति का यह अनोखा संगम बरसाना की होली को बिल्कुल अलग बनाता है। 25 फरवरी को बरसाना की लट्ठ मार होली मनाई जाएगी, जो वाकई एक बार तो आपको जरूर देखनी चाहिए। वाराणसी में भी होली का जश्न
काशी की होली में आध्यात्म और मस्ती का अनूठा मेल देखने को मिलता है। यहां की सिर्फ दिवाली ही नहीं बल्कि होली भी काफी कमाल की होती है। यहां गंगा घाटों पर रंगों के साथ-साथ संगीत, भांग और ठंडाई की धूम रहती है। शिवभक्तों की टोली, ढोल-नगाड़ों की गूंज और घाटों पर उड़ता गुलाल सब मिलकर वाराणसी की होली को बेहद खास बनाते हैं।

**शांतिनिकेतन की होली**

पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में होली को बसंत उत्सव के रूप में मनाई जाती है। यहां रंगों के साथ रवींद्रनाथ टैगोर की परंपरा जुड़ी है। छात्र-छात्राएं पीले वस्त्र पहनकर गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए वसंत और होली का स्वागत करते हैं। ये होली शोर से ज्यादा सौंदर्य और कला की पहचान मानी जाती है। अगर आपको भी शांत और सुकून देने वाली होली मनानी है तो आप शांतिनिकेतन जा सकते हैं।
उदयपुर की शाही होली भी कमाल
उदयपुर की होली शाही अंदाज के लिए जानी जाती है। यहां मेवाड़ राजघराने की परंपराओं के साथ होलिका दहन और भव्य जुलूस निकाले जाते हैं। राजसी पोशाकें, सजे-धजे हाथी-घोड़े और लोकनृत्य उदयपुर की होली को एक शाही उत्सव बना देते हैं। शाही फील के लिए आपको एक बार उदयपुर की होली जरूर मनानी चाहिए।

**प्रयागराज की धूम-धड़ाके वाली होली**

संगम नगरी प्रयागराज में भी होली का एक अलग ही जश्न देखने को मिलता है। यहां कपड़ा फाड़ होली काफी मशहूर है। जहां मोहल्लों में सामूहिक होली खेली जाती है। जिसमें पुरुष एक दूसरे के कपड़े तक फाड़ते हैं। इतना ही नहीं म्यूजिक और मेल-मिलाप कर होली को एक बेहद प्यारा रंग दिया जाता है।

एक्टर बोले- मेरे साथ काम नहीं करना चाहतीं हीरोइनें

# बढ़ती उम्र का अनिल कपूर को मलाल

एजेंसी | मुंबई

प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली एक्शन फिल्म सुबेदार का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म में अनिल कपूर अपने करियर के सबसे दमदार किरदारों में से एक में नजर आ रहे हैं। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी ये फिल्म 5 मार्च को दुनियाभर में स्ट्रीम होगी।
ट्रेलर लॉन्च के दौरान अनिल कपूर ने मीडिया से खुलकर अपनी फिल्म और करियर के बारे में बात की। ट्रेलर रिलीज के दौरान अनिल कपूर से पूछा गया कि उनका पुरानी हीरोइनों के साथ रिश्ता कैसा है। इसपर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, आजकल कोई हीरोइन मेरे साथ काम करने को रेडी ही नहीं है। सबको तो बस यंग लड़कों के साथ काम करना है। जो सीनियर हैं, वो भी मेरे साथ काम करने को तैयार नहीं हैं। आप लोग ही मेरी रिकमंडेशन कर दो जरा। बातचीत के दौरान अनिल कपूर ने बताया कि



वो डायरेक्टर्स से कैसे बात करते हैं। उन्होंने इंद्रा कुमार से बात करने का भी अंदाज बताया और मजाक में कहा कि अरे इंदु!
क्या हो गया है तेरी धमाल 4 का। तूने लिया नहीं मुझे पिक्चर में? चलो ठीक है कोई बात नहीं, अजय ने मना किया क्या? अनिल कपूर का ये स्टाइल देखकर फैन्स हंस-हंस कर लोट पोट रहे हैं। फैन्स अनिल कपूर की एक्टिंग और उनके लुक्स के कायल हो गए हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।
सुबेदार के ट्रेलर के बारे में बात करें, तो ये दर्शकों को भारत के सख्त इलाकों में ले जाता है, जहां अवैध रेत खनन डर और खामोशी का माहौल पैदा करता है।
अनिल कपूर रिटायर्ड सुबेदार अर्जुन मौर्या के रोल में नजर आए, जो एक अनुशासित, जंग से जूझ चुका अफसर है और गहरे निजी दर्द से बोझिल है। अनिल कपूर और राधिका मदान के साथ फिल्म में मोना सिंह, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैसल मलिक और खुशबू सुंदर अहम रोल्स में हैं।

सरकारी ज़मीन पर कब्जे का खेल!

# बुड्ढे दरिया किनारे अवैध दुकानों का निर्माण

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शिवपुरी बसंत नगर में बुड्ढे दरिया के किनारे सरकारी ज़मीन पर अवैध रूप से बनाई जा रही दुकानों का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इलाके के लोगों की शिकायत के बाद मंगलवार को नगर निगम की टीम ने निर्माण कार्य रुकवाया था, लेकिन कुछ ही देर बाद काम फिर से शुरू कर दिया गया। बुधवार को दिनभर तेज़ी से निर्माण चलता रहा। जैसे ही भाजपा और अकाली दल के नेताओं के मौके पर पहुंचने की सूचना मिली, निगम मुलाजिम दोबारा पहुंचे और काम रुकवाया गया।

मौके पर पहुंचे भाजपा नेता प्रवीण बांसल और अकाली दल के वरिष्ठ नेता आरडी शर्मा ने आरोप लगाया कि बुड्ढे दरिया की सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्जा विधायक और पार्षद की शह पर कराया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि शिवपुरी मछली मार्केट के पास बुड्ढे दरिया की ज़मीन को कब्जा बताकर पहले खाली करवाया गया, लेकिन कुछ ही दूरी पर उसी दरिया की ज़मीन पर दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा है।



जिस सरकारी ज़मीन की रजिस्ट्री बन ही नहीं सकती, उस पर गलत खसरा नंबर लगाकर अवैध तरीके से रजिस्ट्री दिखाकर निर्माण किया जा रहा है।

**▪ इलाका निवासियों के आरोप**

इलाके के निवासी अशोक पहलवान ने बताया कि यहां पहले भी चार बार कब्जे हुए, जिन्हें निगम ने तुड़वाया। अब रजिस्ट्री होने की बात कहकर दुकानें बनाई जा रही हैं। उनका आरोप है कि पार्षद खुद कब्जा करवा रहा है। राजकुमार नामक निवासी ने बताया कि जब वे पार्षद से शिकायत करने गए तो उन्हें धमकाया गया और कहा गया कि जो करना है कर लो, काम नहीं रुकेगा। सैरगाह को पार्किंग में तब्दील कर दिया गया है और खुलेआम सरकारी ज़मीन पर कब्जा किया जा रहा है।

**▪ क्या कहते हैं पार्षद**

वार्ड 88 के पार्षद नीरज आहूजा ने कहा कि वे वार्ड के चुने हुए सेवादार हैं।



उन्होंने दोनों पक्षों से कागज़ मांगे थे। एक पक्ष के कागज़ उन्हें सही लगे हैं, लेकिन अगर किसी को आपत्ति है तो नगर निगम और कानून अपने स्तर पर कार्रवाई करे।

**▪ विकास के नाम पर विनाश हो रहा हैः प्रवीण बांसल**



*भाजपा नेता प्रवीण बांसल ने कहा कि उन्हें इलाके के लोगों ने फोन कर अवैध कब्जे की जानकारी दी थी। मौके पर देखा गया कि नाले पर आरसीसी दीवार बनाई जा रही है ताकि नाले को संकरा कर कब्जाधारियों को प्लॉट मुहैया कराए जा सकें। उन्होंने बताया कि दीवार जिग-जैग तरीके से बनाई जा रही है, जबकि दूसरी तरफ लोगों के घर हैं, जिनकी रजिस्ट्री में साफ लिखा है कि 30 फुट गली के बाद नाला है। बांसल ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के समय बुड्ढे दरिया को नाली में तब्दील कर दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि नाला छोटा करने से बरसात में पानी दूर-दूर तक फैलेगा और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां एक माफिया सक्रिय है जो सरकारी ज़मीन पर कब्जा करवा रहा है। विधायक शहर के विकास की नहीं, अपने खजाने की डवेलपमेंट कर रहे हैं।*

**▪ कब्जाधारी ही कब्जा करवा रहे हैंः आरडी शर्मा**



*अकाली दल के वरिष्ठ नेता आरडी शर्मा ने कहा कि मंगलवार शाम काम बंद हुआ था, लेकिन बाद में दोबारा शुरू कर दिया गया। इसमें विधायक और पार्षद की सीधी मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि अगर कोई आम आदमी 50 गज का मकान बनाता है तो निगम तुरंत काम रुकवा देता है, लेकिन सरकारी ज़मीन पर इतना बड़ा कब्जा हो रहा है। निगम कमिश्नर से बात के बाद ही काम रुकवाया गया। शर्मा ने बताया कि बुड्ढे दरिया किनारे चाली बांस की दुकान लगाने वाले खुद कह रहे हैं कि वे 40 साल से यहां हैं और उनके पास कोई कागज़ नहीं है। जब पुराने लोगों के पास कागज़ नहीं हैं तो नए लोगों के पास रजिस्ट्री कैसे आ गई।*

# सुखविंदर सिंह बिंद्रा ने देश भगत यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को बांटी डिग्री




देश भगत सिंह यूनिवर्सिटी में सुखविंदर सिंह बिंद्रा स्टूडेंट्स को डिग्री बांटते हुए।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

सुखविंदर सिंह बिंद्रा मेंबर (एनआईएसडी) और स्पेशल मेंबर/इनवाइट (एनसीसीडीआर), मिनिस्ट्री ऑफ़ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, (गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया) देश भगत यूनिवर्सिटी के डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में शामिल हुए और स्टूडेंट्स को डिग्री बांटी। इसके साथ ही, इस मौके पर देश भगत यूनिवर्सिटी ने सुखविंदर सिंह बिंद्रा को 'ऑनरेरी डॉक्टरेट डिग्री' से भी सम्मानित किया। अपने संबोधन में बिंद्रा ने कहा कि उनका विभाग पंजाब और देश के युवाओं की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं को नशे से बचाने के लिए निरंतर कदम उठाता रहेगा। उन्होंने युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने में खेलों की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले समय में स्पोर्ट्स किट वितरण और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे पहले पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के स्टेट चेयरपर्सन रह चुके हैं और उस दौरान भी युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा नशामुक्त अभियान को मजबूत करने के लिए कई पहल की थीं। बिंद्रा ने कहा कि उनका विभाग और केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वरिंदर कुमार मिलकर युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए काम करते रहेंगे।अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और डॉ. वरिंदर कुमार का युवाओं को मजबूत बनाने की मुहिम के लिए आभार व्यक्त किया।

सफाई कर्मियों की भर्ती पर रोक

# निगम की बैठक में 100 विकास एजेंडों को मंजूरी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना की फाइनांस एंड कांट्रेक्ट कमेटी (एफ एंड सीसी) की मंगलवार को मेयर कैंप हाउस में हुई बैठक में शहर के विकास से जुड़े करीब 100 एजेंडों को मंजूरी दी गई, जबकि सफाई कर्मियों और सीवरमैन की भर्ती से संबंधित छह एजेंडों को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर इंदरजीत कौर ने की, जिसमें कमिश्नर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर और निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी व पार्षद मौजूद रहे। बैठक में पास किए गए एजेंडों में शहर के विभिन्न इलाकों में चल रहे विकास कार्य, नए प्रोजेक्ट्स और उनकी अनुमानित लागत को मंजूरी देना शामिल था। सफाई कर्मियों और सीवरमैन की भर्ती एजेंडों पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने पदों की संख्या, वित्तीय बोझ और भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए। सुझाव दिया गया कि सभी जोनों में मौजूदा स्टाफ, काम का दबाव और शिकायतों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ही भर्ती की जाए। नगर निगम कमिश्नर ने छह भर्ती एजेंडों को फिलहाल रोकते हुए इस मामले की विस्तृत जांच के लिए कमेटी गठित करने की घोषणा की। कमेटी में पार्षद और सीनियर अधिकारी शामिल होंगे, जो विभिन्न जोनों में स्टाफ की वास्तविक जरूरत का आकलन करेंगे। बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिली, जिनमें पार्कों का रेनोवेशन, प्रमुख सड़कों और गलियों में डस्टबीन, नई सड़कें, वाटर और सीवरेज लाइन बिछाना, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाना, नाले कवर करना, प्लांटेशन और धर्मशालाओं का निर्माण शामिल है।

# नाकाबंदी के दौरान ट्रक से 5.60 किलो अफीम और 30 किलो भुक्की बरामद

## चालक गिरफ्तार, दो फरार आरोपी फरार, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना के थाना मोती नगर ने 5 किलो 60 ग्राम अफीम और 30 किलो भुक्की चूरा पोस्त बरामद किया है। इस मामले में समराला निवासी कैंटर चालक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो नामजद आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी रूरल जसकिरनजीत सिंह तेजा, एडीसीपी जोन-4 जशनदीप सिंह गिल और एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंदरजीत सिंह बोपाराय ने बताया कि 24 फरवरी 2026 को थाना मोती नगर के एसएचओ इंस्पेक्टर भूपिंदर सिंह ने पुलिस टीम के साथ शिव चौक के पास मोहन दई ओसवाल अस्पताल के नजदीक नाकाबंदी की हुई थी।



प्रेसवार्ता के दौरान मामले की जानकारी देते डीसीपी रूरल जसकिरनजीत सिंह तेजा,एडीसीपी जोन-4 जशनदीप सिंह गिल,एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंदरजीत सिंह बोपाराय।

इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कैंटर नंबर PB-13BK-7492 (मार्का लेलैंड) में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर, लुधियाना में उक्त कैंटर को रोक लिया। चालक की पहचान जगमेल सिंह उर्फ हैप्पी (42 वर्ष), निवासी गांव बलाड़ा, थाना व तहसील समराला, जिला लुधियाना के रूप में हुई। एसीपी की मौजूदगी में वाहन की तलाशी लेने पर कैंटर के केबिन में छिपाकर रखी गई 5 किलो 60 ग्राम अफीम और 30 किलो भुक्की चूरा पोस्त बरामद हुई। वाहन में खाली प्लास्टिक की बोतलें भी लदी थीं, जिनकी आड़ में नशा छिपाया गया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे 24 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि कैंटर का मालिक तरुणप्रीत सिंह निवासी गांव टिब्बा, लुधियाना है और वह करीब तीन महीने पहले ही ड्राइवर लगा था। तरुणप्रीत सिंह और उसका साथी हैप्पी आपस में चाचा-भतीजा हैं और बाहरी राज्यों से सस्ते दाम पर नशा लाकर लुधियाना व आसपास के इलाकों में बेचते थे। जांच में खुलासा हुआ कि 17 फरवरी को आरोपी साइकिलें लेकर रतलाम (मध्य प्रदेश) गया था और वापसी में मंदसौर से अफीम व भुक्की लेकर आया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड लिया जाएगा, जिससे सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों का पता चल सके।

# कैंसर अस्पताल में 42 वर्षों की सेवा के देने बाद कमलेश पासी हुए सेवानिवृत्त





समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना स्थित मोहन दई ओसवाल कैंसर अस्पताल में 42 वर्षों की समर्पित सेवा के उपरांत कमलेश पासी ने सेवानिवृत्ति पर गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। अपने संदेश में उन्होंने अस्पताल में बिताए लंबे कार्यकाल को सम्मान और गर्व का विषय बताया। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जवाहर ओसवाल तथा प्रबंधन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अस्पताल में समय-समय पर आधुनिकतम तकनीकों का समावेश किया गया, जिससे मानवता की सेवा को और सशक्त बनाया जा सका। यह संस्थान निरंतर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने महान उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। कमलेश पासी ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों, मित्रों और समस्त स्टाफ का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सहकर्मियों का निरंतर सहयोग, विश्वास और आत्मीयता उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी पूंजी रही। इतने समर्पित और पेशेवर साथियों के बीच कार्य करना उनके लिए सम्मान की बात रही।

अपने संदेश के अंत में उन्होंने अस्पताल की निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता की कामना की, ताकि आने वाले वर्षों में भी यह संस्थान मरीजों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करता रहे।

# विधायक ने मॉडल टाउन में 1.20 करोड़ रुपये की पाइपलाइन परियोजना का किया शुभारंभ

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

नहर आधारित जल आपूर्ति परियोजना के तहत आगे बढ़ते हुए आत्म नगर के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने बुधवार को मॉडल टाउन क्षेत्र (वार्ड नंबर 51) में पानी की सप्लाई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का उद्घघाटन किया। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 1.20 करोड़ रुपये की लागत से 1 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस दौरान इलाका पार्षद कोमलप्रीत मोंटी सचदेवा की उपस्थिति में विधायक सिद्धू ने बताया कि इलाके में पहले से ही एक ओवरहेड वाटर रिज़र्वायर (ओएचएसआर) मौजूद है और इस परियोजना के तहत उसी से संबंधित पाइपलाइन डाली जा रही है।विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन में राज्यभर में जनहित से जुड़े विकास कार्य किए जा रहे हैं।



पाइप लाइन बिछाने के कार्य का उद्घघाटन करते विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए।यह काम विश्व बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईबी) द्वारा वित्तपोषित नहर आधारित जल आपूर्ति परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत किया जा रहा है। इस चरण में साहनेवाल के निकट बिलगा गांव में विश्वस्तरीय जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) भी स्थापित किया जा रहा है। परियोजना के पहले चरण के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में ओवरहेड जलाशय और संबंधित पाइपलाइनें भी स्थापित की जा रही हैं। इस चरण की कुल अनुमानित लागत लगभग 1300 करोड़ रुपये है।उद्घघाटन समारोह के दौरान तेजिंदर सिंह चीमा, गुरिंदर सिंह, अजयदीप सिंह, जगप्रीत सिंह, हिरदय पाल सिंह, राजीव पाहवा, बादल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बरनाला रैली की तैयारियों को लेकर बैठक

समर न्यूज़ | लुधियाना

बरनाला में 28 फरवरी को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित मनरेगा बचाओ रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। रैली की तैयारियों के सिलसिले में जिला कांग्रेस कमेटी लुधियाना (शहरी) के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान की अगुवाई में सराभा नगर में एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, पवन दीवान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून को कमजोर/समाप्त कर देश के करोड़ों लोगों के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन लोगों की लड़ाई को निर्णायक अंजाम तक ले जाएगी और जब तक मनरेगा की पुनर्बहाली नहीं होती, पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कि बरनाला में होने वाली राहुल गांधी की रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

उद्घघाटन

जनता से किए हर वादे को प्राथमिकता के आधार पर निभा रही है सरकारः ग्रेवाल

# 25 हॉर्स पावर ट्यूबवेल से पानी की किल्लत होगी दूर

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

विधानसभा हलका पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने वार्ड नंबर 7 के मोहल्ला अटल नगर में 25 हॉर्स पावर के नए ट्यूबवेल का उद्घघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस ट्यूबवेल के लगने से इलाके में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का पक्का हल होगा।

उन्होंने बताया कि इस 25 हॉर्स पावर ट्यूबवेल पर लगभग 12.5 लाख रुपये की लागत आएगी और इसके चालू होने से अटल नगर के निवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। विधायक ग्रेवाल ने कहा कि



क्षेत्रवासियों द्वारा पीने के पानी की समस्या को लेकर बार-बार मांग की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। ट्यूबवेल आगामी कुछ दिनों में स्थापित होकर पूरी तरह चालू हो जाएगा।

विधायक ग्रेवाल ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार 'हर घर नल, हर घर जल' योजना के तहत लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। आम आदमी पार्टी की सरकार आम जनता की सरकार है और चुनावों के दौरान किए गए हर वादे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने विधायक ग्रेवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके इलाके में पीने के पानी की गंभीर समस्या थी, जिसे पूर्व सरकारों ने नजरअंदाज किया। विधायक को अवगत कराने के बाद उन्होंने तुरंत समाधान सुनिश्चित किया, जिसके लिए पूरा इलाका उनका आभारी है।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड इंचार्ज भूषण शर्मा, दिनेश शर्मा, रामजीत सूद, कृष्ण लाल महिमी, भूपिंदर सिंह, विक्की पवन, राहुल, विशाल, भूपिंदर भिंदा, मिंटू काला, हरप्रीत सिंह, हेमराज कुमार, राजू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेजधार हथियारों के बल पर बुज़ुर्ग से लूट

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

थाना डिवीजन नंबर-4 पुलिस ने तेजधार हथियारों के बल पर लूट के मामले में तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जांच अधिकारी कुलविंदर सिंह के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा गया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति स्कूटी पर सैधा चौक से गुरुद्वारा रोड दरेसी की ओर जा रहा था। इसी दौरान काले रंग की एक्टिवा पर सवार तीन युवकों ने उसे घेर लिया, मारपीट की और लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। डिवीजन-4 क्षेत्र में बुजुर्ग से मारपीट कर लूट, तीन अज्ञात आरोपी फरार।

### धड़ा सट्टा लगवाते दो आरोपी काबू, नकदी बरामद

थाना दरेसी पुलिस ने धड़ा सट्टा लगवाने के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाल सिंह नगर गली नंबर-1 में दबिश दी, जहां एक युवक सरेआम सट्टा लगवा रहा था। मौके से 1200 नकद बरामद किए गए। आरोपी की पहचान गौरव कुमार पुत्र राकेश कुमार, निवासी सलेम टाबरी के रूप में हुई है। वहीं दूसरे मामले में दौलत कॉलोनी गली नंबर-1 से पवन कुमार पुत्र स्व. बलदेव राज, निवासी टिब्बा रोड को काबू किया गया। आरोपी से 1150 नकद बरामद हुए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना दरेसी पुलिस ने धड़ा सट्टा के दो मामलों में गौरव कुमार और पवन कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों से कुल 2350 नकद बरामद, आगे की कार्रवाई जारी।

### खाली प्लॉट में नशा करता युवक गिरफ्तार

थाना बस्ती जोधेवाल पुलिस ने नशा करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस काकोवाल रोड स्थित स्कूल के पीछे खाली प्लॉट में पहुंची, जहां एक युवक नशा कर रहा था। पुलिस ने मौके से 10 का नोट, एक पन्नी और एक लाइटर बरामद किया। आरोपी की पहचान कृष्ण नाथ पुत्र जुगनू नाथ, निवासी मेहरबान के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 172